नव प्रदेश

RNI NO.CHHIN/2012/41806

रायपुर, मंगलवार 21 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-303 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बर्फीली हवाओं से लुढ़का प्रदेश का पारा, कई जिलों में शीतलहर

प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में शीतलहर जारी रहेगी

■ जशपुर, पेंड्रा रोड और चिल्फी में कड़कड़ाती ठंड

रायपुर/सरगुजा/बस्तर/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भीषण ठंड पड़ने लगी है उत्तर से आ रही ठंडी और सूखी हवाओं ने पूरे प्रदेश के मौसम को अपनी चपेट में ले लिया है। सरगुजा संभाग के अलावा प्रदेश के अधिकांश मैदानी इलाके इस समय शीतलहर की चपेट में हैं। राजधानी रायपुर में तो तापमान की बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। यहां एक दिन के अंतर पर 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पारा गिरा है। दुर्ग में तो न्यूनतम तापमान सामान्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच गया है। सोमवार सुबह 5.30 बजे रायपुर का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। रविवार को यहीं पर न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस था। अब न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री तक कम है। माना हवाई अड्डे पर सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री मापा गया। यह एक दिन पहले के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमालय में हुई बर्फ बारी का असर

हिमालयी क्षेत्रों में हुई ताजा बर्फबारी और उत्तर से आ रही हवाओं का असर दिन के तापमान पर भी दिख रहा है। पूरे प्रदेश के सामान्य अधिकतम तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई है। इसकी वजह से दिन में भी सर्दी का एहसास बढ़ा है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं बिलासपुर में 23 और पेण्ड्रा रोड में 20 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। अम्बिकापुर में रविवार का दिन सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस मापा गया। दुर्ग सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां का सामान्य अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहता है।

स्वास्थ्य सम्बन्धी हिदायत

डॉक्टरों का कहना है, शीतलहर की वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। ऐसे में इससे बचाव में ही समझदारी है। रात में गैर जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जा रही है। जहां तक हो सके घर में रहें। खुद को गर्म रखने की कोशिश करें। बाहर निकलना पड़े तो गर्म कपड़े, मफलर, टोपी आदि का प्रयोग करें। स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

राजधानी में पारा 10 डिग्री गिरा

छत्तीसगढ़ में अब जहां कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है, वहीं राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में शीतलहर भी चलने लगी है। कवर्धा जिले के चिल्फी घाटी में बर्फ भी जमने लगी है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र के कुछ भाग शीतलहर की चपेट में है। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में आज तड़के न्यूनतम तापमान 10.1 से. डिग्री रहा, वहीं अंबिकापुर में 1.0 डिग्री पहुंच गया है। इसी प्रकार बिलासपुर में सामान्य से 6.1 में सामान्य से 5.4 दुर्ग में सामान्य से 7.9 राजनांदगांव में सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस है। कोरिया में तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस, डूमर बहार में 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है। कवर्धा के चिल्फी घाटी में पारा इतने नीचे पहुंच गया है कि वहां अब बर्फ भी जमने लगी है। बताया गया कि प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में शीतलहर जारी रहेगी।

आज बेबाक

खम्भा नोंचने के मामले में खिसियानी बिल्लीयों को भी पीछे छोड़ने वाली जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्य मंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर भड़काऊ बयान दिया है। उन्होने फरमाया है कि 370 के खात्मे के बाद से कश्मीरियों की जमीन छीनी जा रही है और उन्हे उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होने कश्मीरियों से अपने हक की लड़ाई लड़ने का आव्हान किया है। जाहिर है वो जहर उगलकर कश्मीर में अशांति फैलाने का षडयंत्र रच रही है। समझ में नहीं आता कि उसे देशद्रोह के आरोप में जेल भेजने से सरकार आखिर क्यों हिचकिचा रही है।

सूर्योदय

उदय : 7.13 एएम

अस्त : 5.24 पीएम

जनसंख्या

विश्व : 7,914,659,100

भारत : 1,400,275,360

बाजार

सेंसेक्स : 55,822.01

निफ्टी : 16,614.20

गोल्ड : 47,850 दस ग्राम

चांदी : 61,900 किग्रा

अण्डा दर : 5.11 प्रति नग

प्रदेश के 15 निकायो में चुनाव संपन्न, मतगणना 23 को

शीतलहर के बावजूद मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

भिलाई /रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार को 04 नगर निगम समेत 15 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए मतदान शांति पूर्ण रूप से संपन्न हुआ। कड़ाके की ठंड व कहीं-कहीं शीतलहर के बावजूद सभी नगरीय निकायों में मतदान को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया है।

प्रदेश में 15 नगरीय निकायों में 04 नगर पालिक निगम भिलाई, भिलाई-चरौदा, रिसाली और बिरगांव, 05 नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, शिवपुर चरचा, सारंगढ़, जामुल एवं खैरागढ़ और 6 नगर पंचायत जिसमें प्रेमनगर, नरहरपुर, कोंटा, भैरमगढ़, भोपालपट्नम और मारो में चुनाव के लिए मतदान हुए है। इसके अलावा नगर निगम रायढ़ के वार्ड क्रमांक 05 व 25, बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 14, राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 17, नगर पालिका गोबरा नवापारा के वार्ड क्र. 14, बेमतरा के वार्ड क्र. 05 एवं 11, कोण्डागांव के वार्ड क्रं. 12, नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रं.05, भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रं.09, बसना के वार्ड क्रं.09, आमदी के वार्ड क्रं.14, कुरूद के वार्ड क्रं.01, मगरलोड के वार्ड क्रं.11 व थानखम्हरिया वार्ड क्रं. 11 में उप चुनाव शामिल है।

15 नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है, कई जगहों पर शीतलहर भी रही, लेकिन इसके बावजूद मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। जिसके चलते चुनाव में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा।

चुनाव प्रतिशत की बात करें तो 4 नगर पालिक निगम में सबसे ज्यादा बिरगांव में 64.23 फीसदी मतदान हुआ। 5 नगर पालिका परिषद के मतदान में खैरागढ़ (राजनांदगांव) 84.16 फीसदी वोट पड़ा है। 6 नगर पंचायत प्रेमनगर(सूरजपुर) 85.83 फीसदी वोट पड़े हैं।

नगर पालिक निगम

1. बीरगांव - 64.23
2. भिलाई - 54.49
3. रिसाली - 62.14
4. भिलाई चरोदा - 64.17

नगर पालिका परिषद

1. शिवपुर चरचा - 63.35
2. जामुल (दुर्ग) - 73.10
3. सारंगढ़ (रायगढ़) - 77.64
4. बैकुंठपुर (कोरिया) - 69.24
5. खैरागढ़ (राजनांदगांव) -84.16

नगर पंचायत

1. प्रेमनगर (सूरजपुर) - 85.83
2. नरहरपुर (कांकेर)- 87.64
3. कोंटा (सुकमा)- 82.91
4. भैरमगढ़ (बीजापुर) - 78.65
5. भोपालपट्नम - 84.36
6. मारो (बेमेतरा)- 78.56

संसद में जया बच्चन ने खोया आपा, सरकार को दिया बुरे दिनों का श्राप, कहा-

'गला ही घोंट दीजिए हमारा'

■ राज्यसभा में जया बच्चन काफी नाराज हो गईं

नई दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थ (संशोधन) विधेयक 2021 पर चर्चा की जा रही थी। इस चर्चा में कई बार संसद का तापमान बढ़ गया। पहले दिग्विजय सिंह ने सरकार पर आरोप लगाए उसके बाद जया बच्चन का गुस्सा सरकार पर फूटा। उन्होंने तो सरकार को बुरे दिन आने का श्राप तक दे डाला।

नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थ (संशोधन) विधेयक 2021 पर चर्चा करने के लिए जब जया बच्चन को बुलाया गया तो उन्होंने आते ही कहा- 'मैं आपको धन्यवाद नहीं देना चाहती। क्योंकि समझ नहीं आता कि जब आप इस तरफ से चिल्लाकर वेल में जाते थे, उस वक्त को याद करूं या फिर आज आप जो कुर्सी पर बैठे हैं उस वक्त को याद करूं।' जया बच्चन की बात पर बीजेपी सांसद राकेश सिन्हा ने उन पर संसद की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। साथ ही उन पर यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने संसद के स्पीकर को व्यक्तिगत तौर पर संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि यह सदन में व्यवहार का तरीका नहीं है, इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है। कोई भी इस तरह चेयर का अपमान नहीं कर सकता।

'मैं श्राप देती हूं'

इस पर किसी सदस्य ने उन पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, जिसे लेकर जया बच्चन भड़क गईं और उन्होंने कहा, 'इस व्यक्ति पर कार्रवाई की जाए। कोई किसी को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा कि किसी के भी दिल में अपने साथियों के लिए और बाहर बैठे सांसदों के लिए कोई सम्मान नहीं है। आपके बुरे दिन आएंगे। मैं श्राप देती हूं।' सदन से बाहर आकर जया बच्चन ने कहा, 'मैं किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहती। जो कुछ हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्हें इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए थी। मैं इससे बहुत आहत हूं।'

अगर विपक्ष जिम्मेदार हो तो सदन चल सकता: गोयल

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्य सभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगर विपक्ष जिम्मेदार हो तो सदन चल सकता है और सदन चलाना अगर सरकार की ज़िम्मेदारी है तो विपक्ष को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। सोमवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री गोयल ने विरोधी दलों पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी सांसद हंगामा करें, सदन और सभापति की गरिमा को ठेस पहुंचाए और माफी मांगने को भी तैयार न हो, यह विपक्ष के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दिखाता है।

शादी की उम्र 21 करना, लड़कियों की बेहतरी के लिए है: जेटली

नई दिल्ली (वार्ता)। लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 वर्ष करने की सिफारिश करने वाली टास्क कमेटी की अध्यक्ष जया जेटली का मानना है कि यह प्रस्ताव लड़कियों की बेहतरी के लिए है और इसका मकसद राजनीतिक फायदा उठाने या धार्मिक मामलों में दखल देना कतई नहीं है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है और इन सिफ़रिशों को लागू करना या इनमें बदलाव करने का काम एवं अधिकार सरकार और संसद के पास है।

सेंसेक्स 1300 से अधिक अंक टूटा

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार में सोमवार सुबह बड़ी गिरावट के साथ खुला। देश में ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों और चिंताओं के बीच बीएसई सेंसेक्स 1365 से अधिक अंक की गिरावट के साथ 55,645.76 पर खुला। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि सामुदायिक प्रसार वाले क्षेत्रों में मामलों की संख्या डेढ़ से तीन दिनों में ओमिक्रॉन के मामलों की संख्या दोगुनी हो रही है।

500 करोड़ की फिल्म बनाने का झांसा देकर जैकलीन को ठगबाज सुकेश ने ठगा

नई दिल्ली/ए.। मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसी बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कॉनमैन सुकेश द्वारा जैकलीन को दिए गए कीमती तोहफों और उनके बयान ने एक्ट्रेस की मुसीबतों को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट्स हैं कि सुकेश, जैकलीन को लुभाने के लिए उन्हें एक 500 करोड़ के बजट वाली फिल्म में सुपरहीरो बनाना चाहते थे। केस के एक करीबी सूत्र ने बताया कि सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन से वादा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुकेश की बातों में आ गई थीं जैकलीन?

सुकेश की यह बातें जैकलीन ने ध्यान से सुनी और कुछ हद तक वह मान भी गई थीं कि सुकेश उसके लिए इतना बड़ा प्रोजेक्ट करेगा। सूत्र का कहना है कि सुकेश ने इस ट्रैप के लिए अपना पूरा होमवर्क किया था, फिल्म बजट पर, प्रोडक्शन पर और इंडस्ट्री के कई बड़े नाम हटाए थे, इन सब बातचीत के दौरान।

पनामा पेपर्स : ईडी ने ऐश्वर्या से 5 घंटे तक की पूछताछ

नई दिल्ली। पनामा पेपर्स से जुड़े मामले में ऐश्वर्या राय बच्चन को समन किया गया था। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए बुलाया, जिसके बाद ऐश्वर्या ईडी के दिल्ली दफ्तर में पूछताछ में शामिल होने पहुंचीं। यहां ऐश्वर्या से हुई साढ़े पांच घंटे पूछताछ चली है। ये पूछताछ अब खत्म हो चुकी है। बता दें कि इस मामले में हाल ही में ईडी ने अभिषेक बच्चन को भी समन किया था। ऐश्वर्या राय बच्चन को दो बार पहले भी बुलाया गया था, लेकिन दोनों ही बार उन्होंने नोटिस को स्थगित करने की गुजारिश की थी। ये गुजारिश पनामा पेपर्स लीक की जांच कर रही स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम के समक्ष की गई थी। ईडी ने ऐश्वर्या को फेमा के मामले में समन किया था। यह समन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री भूपेश दिल्ली दौरे पर, मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें

■ सीएम भूपेश आलाकामन के साथ बैठकर तय करेंगे नाम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 दिवसीय दौरे पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लिए सोमवार को रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मंगलवार को पार्टी की बैठक है। इसके बाद 2 दिन उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर लखीमपुर और लखनऊ भी जाएंगे, जहां आयोजित चुनावी सभा को संबोधित भी करेंगे।

इधर छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर सुगबुगाहट तेज है, जिसे लेकर सीएम भूपेश ने कहा कि आलाकमान से चर्चा के लिए समय मांगा जाएगा। यदि समय मिलता है तो इस पर भी चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक भूपेश बघेल अपने मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरे को परफॉर्मेंस के आधार पर लाना चाह रहे हैं। हालांकि आलाकमान पर सारा दारोमदार है। इससे पहले भी ढाई-ढाई साल वाले मुद्दे को लेकर भी उन्होंने आलाकमान पर ही विश्वास जताया था। अब मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर आलाकमान के निर्देश का इंतजार किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि मंत्रिमंडल के बदलाव में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का दबदबा रहेगा, जिसमें उनके समर्थकों को सबसे ज्यादा तवज्जों दी जाएगी।

बिल पर हंगामा आधार कार्ड को वोटर लिस्ट के साथ जोड़ना अनिवार्य नहीं, जोरदार हंगामा की वजह से स्थगित हुआ लोस

लोकसभा में हंगामें के बीच चुनाव सुधार बिल पास

नई दिल्ली/ए.। लोकसभा में सरकार ने चुनाव सुधार बिल पेश किया गया। इसके बाद विपक्ष ने खूब हंगामा हुआ। सदस्यों के शोर शराबे के बीच ये बिल लोकसभा में पास कर दिया।

इसके बाद लोकसभा को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। राज्यसभा को इससे पहले ही स्थगित कर दिया गया था। इस बिल के तहत आधार और वोटर कोर्ड को जोड़ने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने बिल पास होने के बाद कहा कि आधार कार्ड को वोटर लिस्ट के साथ जोड़ना अनिवार्य नहीं है। ये स्वैच्छिक है। ये वैकल्पिक है। इससे एड्रेस पता करने में मदद होगी, फर्ज़ी वोटिंग को रोकने में मदद होगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष ने किया जोरदार विरोध

ओवैसी ने केएस पुट्टस्वामी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए इस बिल को निजता के मूल अधिकार का उल्लंघन करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पुट्टस्वामी मामले में निजता की जो परिभाषा दी गई है, ये बिल उसका उल्लंघन करता है। ओवैसी ने आशंका जताई कि वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने से सरकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी 'गुप्त मतदान' की प्रक्रिया में छेड़छाड़ कर सकेगी। उन्होंने बिल पर मतविभाजन की मांग की।

संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा

चुनाव सुधार बिल पर आज लोकसभा में भारी हंगामा हुआ। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों ने इसकी जरूरत पर सवाल उठाए। दरअसल, इस बिल के तहत आधार को वोटर आईडी से जोड़ने की बात कही गई है। सरकार का कहना है कि इस सुधार बिल से फर्जी वोटिंग पर रोक लगाई जा सकेगी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जरूरत और उपयोगिता समझाई लेकिन विपक्षी सांसद नहीं माने। ृढ्डह्यद्गरू चीफ ओवैसी ने इस बिल का विरोध करते हुए कहा कि सरकार इस बिल का अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर सकती है इसलिए मैं चाहता हूं इस बिल को संसद में रखने जाने को लेकर डिविजन हो। उन्होंने बार-बार डिविजन की बात दोहराई और हंगामा जारी रहा। कांग्रेस के मनीष तिवारी भी इसका विरोध किया।

इंट्रानैसल वैक्सीन फेस 3 क्लीनिकल ट्रायल के लिए मांगी इजाजत

■ ओमीक्रॉन के खतरे को देखते हुए बूस्टर डोज देने की हो रही मांग

नई दिल्ली। ओमीक्रोन के खतरे और कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच भारत बायोटेक ने अपने इंट्रानैसल कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज के लिए ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को फेस 3 क्लीनिकल ट्रायल आवेदन दिया है। कोवैक्सीन और कोविशील्ड की वैक्सीन लगा चुके लोगों को इसकी बूस्टर डोज दी जा सकती है। ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए बूस्टर डोज देने की मांग की जा रही है। डॉ. धीरेन गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट-एसजीआरएच ने कहा कि कई स्टडी ने साबित किया है कि पिछले कोरोना टीकाकरण के 6 महीने बाद इम्युनिटी समाप्त हो जाती है। हमें विशेष रूप से उन लोगों को बूस्टर डोज देने की जरूरत है जिन्हें दूसरी लहर के दौरान डेल्टा संक्रमण नहीं हुआ है। साथ ही वैसे बच्चे जिनकी इम्युनिटी कमजोर है उनको भी वैक्सीन लगाए जाने की जरूरत है। ओमीक्रोन के खतरे के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस के सभी नए मामले जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने केंद्र से स्वास्थ्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ न्यूज गैलरी

प्रतिभा बढ़ाने इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

कुम्हारी (नव प्रदेश)। रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में रविवार को बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों को पेन्टिंग, सिंगिंग, डांसिंग, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिला। इन प्रतिगोगिताओं में कुम्हारी, चरोदा, भिलाई सहित रायपुर के कई बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाना एवं मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत करना था। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित कुम्हारी कैंपस डायरेक्टर महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, स्कूल की प्रधानाचार्या अराती मिश्रा विभिन्न स्थानों से आये पालकगण एवं स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ.जेके उपध्याय ने संस्थान के निदेशक, प्राचार्य व सभी स्टाफऔर बच्चों को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

महिलाओं ने घर के अनुपयोगी कपड़ों का उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के पैरदान बनाए

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम दुर्ग की एनयूएलएम टीम द्वारा शहर विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा अनुरूप और आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 15 में जन श्री क्षेत्र स्तरीय संगठन द्वारा स्वच्छता को लेकर वार्ड में स्वच्छता रैली निकाली गई तथा लोगों को जागरूक करने हेतु घर-घर जाकर प्रेरित किया गया यह कार्यक्रम वार्ड के प्रभारी सामुदायिक संगठक अनु कसार द्वारा आयोजित किया गया जिसमें डे एनयूएलएम के सभी सामुदायिक संगठक तथा मिशन प्रबंधक उपस्थित थे। जन श्री क्षेत्र संगठन 17 समूहों का संगठन है जिसमें 170 से अधिक महिलाएं सम्मिलित है वेस्ट टू बेस्ट (अनुपयोगी सामान से उपयोगी चीजे बनाना) के तहत समूह की महिलाओं ने घर के अनुपयोगी कपड़ों का उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के पैरदान बनाए तथा स्वच्छता का संदेश दिया।

पुरई ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान : ताम्रध्वज

उतई (नवप्रदेश)। दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत खेल ग्राम पुरई के तैराक 17 वर्षीय ईश्वर ओझा ने डोंगिहा तालाब पुरई में लगातार 6 घंटे तैराकी कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इस उपलब्धि पर तैराक ईश्वर ओझा को प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने उनके गृह ग्राम जाकर उनका सम्मान प्रतीक चिन्ह, स्विमिंग कीट एवं 11 हजार नकद राशि देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खेल ग्राम पुरई में 12 दिसंबर को ईश्वर ओझा उम्र 17 वर्ष द्वारा डोगिहा तालाब में लगातार 6 घंटे सुबह 10:55 से 4:55 तक तैरकर तैराकी में इतिहास रच गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा अपने ग्राम एवं छत्तीसगढ़ का नाम न सिर्फ भारत देश में बल्कि पूरे विश्व में गौरव बढ़ाया है। उन्होंने ईश्वर ओझा को रिकॉर्ड बनाने के लिये से सम्मानित करते हुए ये श्री साहू ने कहा कि दुर्ग जिले के ग्राम पुरई में प्रतिभाओं की कमी नहीं है वो दिन दूर नहीं जब ओलंपिक में भारत का परचम लहराने से कोई नहीं रोक सकता। पिछले 7 सालों से ईश्वर के कोच ओम ओझा ने कड़ी मेहनत कर ईश्वर ओझा की ही तरह कई बच्चों को तैयार किया। ज्ञात हो कि पिछले माह 23 नवंबर को जगदलपुर में अंतर्राज्य तैराकी प्रतिस्पर्धा में 23 बच्चों ने शामिल होकर 53 मैडल अर्जित किए।

जरूरतमंद को ठंड से राहत देने की गई व्यवस्था - आयुक्त

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था से लोगों को ठंड से मिल रही राहत

- ■ प्रमुख चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई
- ■ जरूरतमंदों को ठंड में राहत मिल रही
- ■ लकड़ी और गोठान में निर्मित गोबर के लकड़ी की व्यवस्था की गई

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बर्फीली हवा से क्षेत्र के तापमान में गिरावट होने के साथ ठंड में काफी वृद्धि हो गई है। इसको ध्यान में रखते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर नगर निगम अतिक्रमण विभाग एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा निरन्तर दुर्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई है जिससे जरूरतमंदों को ठंड में राहत मिल रही है। नगर निगम द्वारा अलाव जलाने के लिए इन स्थानों पर लकड़ी और गोठान में निर्मित गोबर के लकड़ी की व्यवस्था की गई है। अलाव की व्यवस्था होने से रात्रि में आवागमन करने वाले मुसाफिर, ऑटो एवं रिक्शा चालकों तथा फुटपाथों पर रात गुजारने वालो को राहत मिलेगी। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत देने के लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। रेल्वे स्टेशन,नयाबस स्टैंड, जिला चिकित्सालय, इंदिरा मार्केट इन प्रमुख इलाको में निरन्तर राहगीरों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलाने की जिम्मेदारी उड़नदस्ता प्रभारी शिव शर्मा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और सफाई दरोगा राजू सिंग को दी गई है।

कांग्रेसजनों ने सादगी से मनाया मोतीलाल वोरा का जन्मदिन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। देश की राजनीति में अविभाजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराते हुए 55 वर्षों के राजनैतिक सफर के बाद भी बेदाग, कर्मयोगी, अजातशत्रु एवं राजनैतिक संत की छवि के साथ पार्षद पद से मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री एवं राज्यपाल जैसे शीर्ष पदों को सुशोभित करने वाले दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा का जन्मदिन प्रदेश भर में सादगी से मनाया गया। उनके गृह नगर दुर्ग में सुबह से ही नवनिर्मित राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व मोतीलाल वोरा के सुपुत्र वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा की अगुवाई में जिले भर के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं समेत युंका प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष समेत सभी नेताओं ने शिरकत की। इस अवसर पर वोरा जी के स्वच्छ एवं बेदाग राजनैतिक जीवन को याद करते हुए गृहमंत्री साहू ने कहा कि कर्मशीलता की जो मिसाल मोतीलाल वोरा ने कायम की है वहां तक पहुंच पाना आसान नहीं है स्कूटर से चुनावी प्रचार के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि फर्श से अर्श तक का ऐसा सफर एक सच्चा इंसान ही पूरा कर सकता है। विधायक अरुण वोरा ने भी अपने पिता के साथ संस्मरण साझा करते हुए कहा कि जनता एवं पार्टी के काम करने की उनकी करबद्धता की मिसाल आज भी राष्ट्रीय स्तर पर दी जाती है बड़े पदों पर रहने के बाद भी दुर्ग शहर के लोगों के लिए बाबूजी की आत्मीयता एवं अपनापन सदैव अनुकरणीय है। गौरतलब है कि 20 दिसंबर को मोतीलाल वोरा के जन्मदिन के बाद 21 दिसंबर को उनकी पुण्यतिथि भी है जिसे कांग्रेसजनों द्वारा शिवनाथ मुक्तिधाम स्थित उनके समाधि स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि देकर मनाया जाएगा।

जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही शोध जागृत होता है - अनिल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग (नव प्रदेश)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग एवं सिध्दाचलम लैबोटेरी, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया जा रहा है। वेबीनार के प्रथम दिन वेबीनार का संक्षिप्त विवरण आयोजन सचिव डॉ. ए.के. सिंह ने दिया। डॉ. अलका तिवारी ने स्वागत भाषण तथा डॉ. अनुपमा अस्थाना ने अध्यक्षीय भाषण दिया। विषेष अतिथि डॉ. अनिल सिंह डायरेक्टर राष्ट्रीय फर्टिलाइजर मुबंई, (पूर्व आईआईटी प्रोफेसर) ने बताया कि बेसिक रिसर्च को कर्मिषियल ओरियेंटेशन होना चाहिए। प्रोफेसर सुशील चन्द्र तिवारी ने वेबीनार के आयोजन हेतु आयोजकों को शुभकामनाऐं दी। प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। साउथ अफ्रीका के प्रोफेसर एसबी जोनालगड़ा ने नैनो मटेरियल का उपयोग कोविड-19 के उपचार हेतु प्रयोग किए जाने के बारे में जानकारी दी। बांग्लादेश के प्रोफेसर मोहम्मद अबु बिन हसन सुसान ने पानी, तेल एवं सरफेक्टेंट के प्रयोग से नैनामटेरियल बनाने की विधि पर प्रकाश डाला। प्रथम दिन 13 युवा वैज्ञानिकों ने अपना रिसर्च प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. भावना जैन, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. अलका तिवारी, डॉ. सुनीता मैथ्यू तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 200 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाईन उपस्थित हुए।

करगाडीह में जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

उतई (नव प्रदेश)। आयुष विभाग द्वारा शासकीय आर्युवेद औषधालय खोपली के तत्वाधान में जिला आर्युवेद अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में निःशुल्क स्वास्थ्य व जनजागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम करगाडीह में किया गया। जिसमें आर्युवेद एवं होम्योपैथी से चिकित्सा कर निःशुल्क औषधियां प्रदान किया गया। 250 मरीजों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर आर्यवेद चिकित्सा अधिकारी डॉ जागृति चंद्राकर व डॉ रिकेश्वरी गणवीर ने बताया कि आर्युवेद भारत की पुरानी चिकित्सा पद्धति है आज लोगो का रुझान पूणः आर्युवेद की तरफ हो रहा है आर्युवेद किसी भी रोगों को जड़ से खत्म करता है इसीलिये शासन द्वारा चिकित्सा शिविर के माध्यम से इसके सन्दर्भ में जनजागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोनिका चावले ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा विज्ञान की ऐसी शाखा है। जिसके माध्यम से बिना साइडिफेक्ट के बेहतर इलाज मरीजो का किया जाता है।

औचक निरीक्षण में नगपुरा वितरण केंद्र पहुंचे मुख्य अभियंता

अंचल में सतत विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर औचक निरीक्षण में दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत स्थित नगपुर वितरण केंद्र पहुंचकर वहां के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए अंचल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के निर्देश दिये। जामुलकर ने मैदानी अमलों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर में लगे केबल, कट-आउट, डी.ओ.(क्लेम्प) एवं कंडक्टर का उचित रखरखाव करें एवं जो खराब हो चुके हैं उन्हें शीघ्र बदलने की व्यवस्था करें। उन्होंने अधिकारियों से वितरण केंद्र के अंतर्गत अनबिल्ड उपभोक्ताओं का नियमित समय पर बिल जारी करने, पॉवर एवं वाटर वर्क्स उपभोक्ताओं का भी माह के 01 से 15 तारीख तक हिस्ट्री रीडिंग लेने, 15 एचपी से 50 एचपी तक के उपभोक्ताओं का कनिष्ठ अभियंता द्वारा स्वयं रीडिंग लेने, रीडिंग डायरी को चेक करने, लंबित कनेक्षन को चेक कर समय सीमा में पूर्ण करने, बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने एवं आवश्यकता पड़ने पर विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही करने, फेल ट्रांसफार्मरों को स्टोर में वापस करने एवं खराब मीटर को तत्काल बदलने के निर्देश दिए।

जामुलकर ने अंचल में स्थापित 33/11 के.व्ही. लाइनों एवं वितरण उपकरणों में आने वाले तकनीकी व्यवधान को त्वरित सुधारने व निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर दुर्ग क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता एके गौराहा, कार्यपालन अभियंता एके बिजौरा उपस्थित रहे।

कनाकोट में सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ

प्राचार्य ने महाविद्यालय का विशेष पहचान स्थापित करने पर बधाई दी

नव प्रदेश संवाददाता

उतई। शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई द्वारा 10 से 16 दिसंबर तक विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम काना कोट तहसील पाटन में किया गया। उक्त शिविर के समापन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ प्रहलाद वर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण मिश्रा एवं ग्राम काना कोट के उपसरपंच साहू तथा सरपंच प्रतिनिधि के रूप में कल्याण वर्मा उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्य ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा किया एवं उतई महाविद्यालय द्वारा ग्राम काना कोट के सभी छात्रों को भविष्य में महाविद्यालय में प्रवेश में सहायता करने की बात की। जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ प्रहलाद वर्मा ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना एवं ग्राम काना कोट में अपना महाविद्यालय का विशेष पहचान स्थापित करने पर बघाई दिया तथा छात्रों को सदा सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पंकज सोनी ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सभी कार्यों की प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं छात्रों में विशेष अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने, तथा स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन कमल नारायण ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दल नायक उत्कर्ष वर्मा ने किया। समापन के अवसर पर डॉ राकेश मिंज एवं लोकेश्वर ठाकुर तथा प्रोफेसर संदीप सोनी एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक शिक्षिका एवं ग्राम काना कोट के वरिष्ठ नागरिक तथा एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र//अ-06/वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा बाई वगै. पति रामनाथ यादव निवासी ग्राम नवापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 680/87, 681/87 रकबा 0.006 हे. भूमि को विक्रेता राम्हिन बाई वगै. पिता/पति भूखन कण्डरा निवासी ग्राम कण्डरापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.10.1997 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 17.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400285
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सनबाई टंडन पति परसराम टंडन निवासी कर्मचारी नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 45/34 रकबा 0.0160 हें/ 1710 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400219
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शंकर दयाल पाण्डेय आ. स्व. राकेश कुमार पाण्डेय निवासी मोहन नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 331/4 रकबा 0.1180 हें/ 12600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400270
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अरूण कुमार साहू आ. अशोक साहू निवासी मटिया बलौदाबाजार द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 553/11 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
मै दानेश्वर कुमार साहू पिता श्री माघीत राम उम्र 21 वर्ष निवासी मकान नं. 542 भाठापारा वार्ड क्र. 5 उतई दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पिता माघीत राम भिलाई इस्पात संयंत्र में कोक ओवन एण्ड सीसीडी में सीनियर ऑपरेटर ग्रेड-01 के पद पर कार्यरत है जिसका पर्सनल नं. 147494 है। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम दानेश्वर प्रसाद लिखा हुआ है जो त्रुटिपूर्ण है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 451497503372 बना हुआ है जिसमे मेरा नाम दानेश्वर कुमार साहू दर्ज है तथा उसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मैं अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम दानेश्वर प्रसाद (DANESHWAR PRASAD) के स्थान पर सही नाम दानेश्वर कुमार साहू (DANESHWAR KUMAR SAHU) सुधार करवाना चाहता हूं। जो कि मेरा सही नाम है। (DANESHWAR KUMAR SAHU) & दानेश्वर प्रसाद (DANESHWAR PRASAD) दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। यह शपथ पत्र अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम सुधार कराने के लिए छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
मुहर — शपथकर्ता दानेश्वर

नाम-परिवर्तन
मै तोकेश्वर साहू पिता श्री माघीत राम उम्र 23 वर्ष निवासी मकान नं. 542 भाठापारा वार्ड क्र. 5 उतई दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पिता माघीत राम भिलाई इस्पात संयंत्र में कोक ओवन एण्ड सीसीडी में सीनियर ऑपरेटर ग्रेड-01 के पद पर कार्यरत है जिसका पर्सनल नं. 147494 है। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम तोकेश्वर प्रसाद लिखा हुआ है जो त्रुटिपूर्ण है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 272971065109 बना हुआ है जिसमे मेरा नाम तोकेश्वर साहू दर्ज है तथा उसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मैं अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम तोकेश्वर प्रसाद (TOKESHWAR PRASAD) के स्थान पर सही नाम तोकेश्वर साहू (TOKESHWAR SAHU) सुधार करवाना चाहता हूं। जो कि मेरा सही नाम है। (TOKESHWAR SAHU) & तोकेश्वर प्रसाद (TOKESHWAR PRASAD) दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। यह शपथ पत्र अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम सुधार कराने के लिए छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
मुहर — शपथकर्ता तोकेश्वर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000109/202112101000109
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - प्रियांशु राव सुरोशे (अन्य-1)/अनावेदक पक्षकार-
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियांशु राव सुरोशे अन्य 1 पिता टिकेन्द्र राव सुरोशे पता आशा नगर द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 1703/43 रकबा 1320 वर्गफीट है जो आवेदकगण की माता स्व. जानेश्वरी सुरोशे पति टिकेन्द्र राव के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी जानेश्वरी सुरोशे पति टिकेन्द्र राव की मृत्यु दिनांक 11/06/2021 एवं पिता टिकेन्द्र राव सुरोशे का मृत्यु दिनांक 22/08/2008 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 11.01.2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.12.2021 को जारी किया जाता है।
मुहर — अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग , उतई सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार पिता रामचन्द्र देशमुख निवासी बिरेझर के द्वारा मौजा ग्राम बिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) स्थिति भूमि खसरा नं. 871 रकबा 0.08 हे. अनावेदक चन्द्रशेखर पिता कोदू प्रसाद का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने का आदेश भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 सहपठित धारा 32 के तहत पारित आदेश के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 22.12.21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
आज दिनांक दिनांक 06.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।
मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
क्र./ प्र.1अति. तह. 2020
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार अग्रवाल आ. शिव कुमार अग्रवाल साकिन करंजा भिलाई ग्राम करंजा भिलाई प.ह.नं.12 रा.नि.मं दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 263/3 रकबा 0.08 हे. भू.रा. 262 रू से संबंधित ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकारण विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रतिऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 16.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 202112100700195//अ-06/वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नन्दकिशोर बंछोर पिता उमाशंकर बंछोर निवासी ग्राम आमापारा तह. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर (1298/28, 1299/25, 1300/25) रकबा 0.003 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार ईश्वरी बाई बंछोर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 202112100700202//अ-06/वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार करिकार पिता स्व. परसराम निवासी ग्राम हरिनगर तह. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/56 रकबा 0.0250 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार परसराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र//अ-06/वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरेन्द्र कुमार राय पिता नन्दकिशोर राय निवासी ग्राम सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 877/14 रकबा 450 वर्गफीट भूमि को विक्रेता अनिल कुमार यादव पिता स्वामिनाथ यादव निवासी ग्राम चिरमिरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 7.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 9.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नगरीय निकाय चुनाव : बीरगांव के मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह

■ सुबह से ही लंबी कतारें देखी गई

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज बिरगांव नगर पालिक निगम में हो रहे मतदान में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। सुबह जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक रही वहीं दोपहर 11 बजे के बाद महिलाओं की संख्या बढ़ गई।

नवीन शासकीय प्राथमिक विद्यालय बीरगांव में बनाए गए मतदान केंद्र क्रमांक 75 में 11 बजे तक 111 पुरुषों और 85 महिलाओं ने मतदान किया। इस अवधि में 22 प्रतिशत प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 77 में 11 बजे तक 160 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवधि में 17 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान क्रमांक 73 में 133 पुरुष और 80 महिलाओं ने मतदान किया :

11 बजे तक 21 प्रतिशत मतदान हुआ। इस परिसर में 75 वर्षीय फगूराम देवांगन और 60 वर्षीय गोरी देवांगन अपने निशक्त पुत्र अरुण के साथ मतदान करने आए। इस परिसर में निशक्तजनों की सहायता के लिए मतदाता सहायता केंद्र में व्हील चेयर का इंतजाम किया गया। मतदाता सहायता केंद्र में न केवल सेनीटाइजर का उपयोग किया जा रहा है बल्कि मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र और भाग क्रमांक आदि की भी जानकारी दी जा रही जिससे वे आसानी से मतदान कर सकें।

अडवानी आरलिकान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीरगांव में बनाए गए मतदान केंद्र क्रमांक 65 में सुबह 9:00 बजे तक 1004 मतदाताओं में से 52 पुरुषों और 20 महिलाओं ने मतदान किया । पहले घंटे में 7.1 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 67 में पहले घंटे में 25 पुरुषों और 13 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पहले घंटे में 6 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान क्रमांक 66 में 48 पुरुष और 22 महिलाओं ने मतदान किया। पहले घंटे में 7.07 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान क्रमांक 65 में करीब 80 वर्षीय निशक्त श्रीमती कांतिबाई यादव ने अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान किया। इसी तरह इसी केंद्र में 80 वर्षीय वृद्धा तिजिया बंछोर ने मतदान किया।

न्यूज गैलरी

बीरगांव चुनाव में मतदाता सूची से 27 मतदाताओं के नाम विलोपित

रायपुर। बीरगांव नगर निगम चुनाव में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम विलोपित होने का मामला सामने आया है। निगम के वार्ड क्रमांक 29 के मतदाता सूची में 27 मतदाताओं के नाम विलोपित कर दिए गए हैं, जिस पर चुनाव अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं। वार्ड नंबर 29 के कुछ मतदाताओं के नाम विलोपित कर दिए गए हैं। स्पष्ट रूप से कोई जवाब देने को तैयार नहीं है। केंद्र पर मतदाताओं से कहा जा रहा है कि उनका नाम विलोपित कर दिया गया है। ऐसे एक-दो नाम नहीं बल्कि 27 ऐसे नाम है, जो विलोपित कर दिए गए हैं। वही तीन-चार मतदाताओं ने बताया कि जब वे मतदान करने के लिए आए तो उनका नाम मतदाता सूची में नजर नहीं आ रहा है। इससे पहले वे लोग मतदान कर चुके हैं, और अब ऐसा क्यों हुआ ये समझ से परे है। मामले में कोई भी चुनाव अधिकारी जवाब देने की स्थिति में नजर नहीं आ रहा है।

बिरगांव नगर निगम चुनाव : वार्ड 29 में फर्जी वोटिंग का मामला

रायपुर। बिरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 23 में फर्जी मतदान का मामला सामने आया है। दरअसल पहले जिस शख्स के नाम से मतदान किया गया था। वह शख्स जब मतदान करने पहुंचा तो पता चला कि उसके नाम से पहले ही मतदान किया जा चुका है। फिलहाल अधिकारी पूरे मामले में जांच की बात कर रहे हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अवलोकन किया

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर सौरभ कुमार ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल और रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिक निगम बीरगांव बी बी पंचभाई के साथ निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और मतदान की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

दो बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

रायपुर । दो बाइक के आपस में टकराने की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंडर भट्टा रायपुर निवासी चंद्रशेखर चतुर्वेदी 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी का भाई मनीष चतुर्वेदी पंथी नृत्य ग्राम कूंरा आया था,रविवार को शाम 7 बजे के करीब वापस बाइक से सुशील चतुर्वेदी के साथ वापस पंडरा भाट जा रहा था तभी ग्राम कूंरा पंडरा भाट के बीच रनबटोर तालाब के पास मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएफ 4026 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही मनीष चतुर्वेदी की मौत हो गई तथा सुशील चतुर्वेदी घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मर्ग कायम कर लिया है।

अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 5 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त

रायपुर। रायपुर के गुढ़ियारी रामनगर में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलों 100 ग्राम गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को दोपहर 3 बजे के करीब गुढ़ियारी रामनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति को गांजा बेचने के फिराक में खड़े होने की जानकारी मिलने पर आरोपी को रेलवे स्टेशन के पीछे रनिग रुम के सामने गुढ़ियारी में घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक काले रंग का बैग मिला जिसकी तलाशी लेने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा 5 किलों 100 ग्राम अनुमानित कीमत 50000 रुपये को बरामद कर जब्त की गई है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मानस कुम्भार 22 वर्ष पिता लभ कुम्भार निवासी कादली मुण्डा किशोर नगर उड़िसा बताया है। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत मामला दर्ज की गई है।

तस्करी करते 2 गिरफ्तार, 29 नग खम्हार प्रजाति की लकड़ी व वाहन जब्त

सीतापुर। मैनपाट परिक्षेत्र में बीती रात गश्त के दौरान पुलिस ने विकासखंड मैनपाट के तराई गाँव महारानीपुर में पत्थलगांव की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाय 7428 एवं पी 64 टी 6285 को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को पिकअप में भारी मात्रा में खम्हार प्रजाति की लकड़ी का गोला मिला। जिसे पिकअप चालक नजमुल हसन 32 वर्ष निवासी काराबेल टोकोपारा एवं शनिराम लकड़ा 32 वर्ष निवासी लुचकी कांतिप्रकाशपुर अवैध रूप से तस्करी कर खपाने ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों पिकअप वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग को सौंप दिया। वनपरिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र सीतापुर विजय कुमार तिवारी ने बताया कि उक्त दोनों पिकअप वाहन में कुल 29 नग खम्हार प्रजाति की लकड़ी लोड थी।

बाबा गुरू घासीदास ने सामाजिक कुरीतियों को किया मिटाने का काम: मंत्री डहरिया

रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी द्वारा मानव कल्याण के लिए किए गए कार्य अनुकरणीय है। उन्होंने मानव जाति के उत्थान के लिए उपदेश दिए हैं, उनके बताये हुए मार्ग में चलकर हम जीवन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। बाबा गुरू घासीदास जी ने तत्कालीन समय में समाज में व्याप्त कुरीतियों, प्रथाओं, छुआछूत, जातिप्रथा आदि सामाजिक बुराईयों को दूर करने का प्रेरणास्पद काम किया।

सीएम भूपेश ने किया गौठान मेप एप का शुभारम्भ

■ गोधन न्याय योजना की राशि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को गौठान मेप एप का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से गौठान में संचालित समस्त गतिविधियों जैसे गोबर खरीदी, भुगतान, गौठान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की आय मूलक गतिविधियों के तहत उत्पादित सामग्री, दर एवं विक्रय की अद्यतन जानकारी मिल सकेगी। गौठान मैप एप, एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने गौठानों में आश्रित ग्रामों के पशुपालक ग्रामीणों से भी गोबर की खरीदी किए जाने के निर्देश दिए।

इसी अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 3 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। 1 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 2 करोड़ 63 लाख रूपए भुगतान तथा गौठान समितियों को 79 लाख और महिला समूहों को 51 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल हैं। इसके साथ ही सीएम भूपेश ने पैरा दान करने की अपील की गई। उन्होंने जिलों के कलेक्टरों से भी इस संबंध में किसानों से चर्चा कर बात की है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य में गोधन के संरक्षण और सर्वधन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौठानों में पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का निःशुल्क बेहतर प्रबंध है। राज्य में अब तक 10584 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से 7836 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। जिसमें से 2029 गौठान आज की स्थिति में स्वावलंबी हो चुके हैं।

शेष गौठानों के निर्माण में तेजी

राज्य में गोधन के संरक्षण और सर्वधन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौठानों में पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का निःशुल्क बेहतर प्रबंध है। राज्य में अब तक 10584 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 7836 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। जिसमें से 2029 गौठान आज की स्थिति में स्वावलंबी हो चुके हैं। गोधन न्याय योजना से लगभग 2 लाख ग्रामीण, पशुपालक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। गोबर बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने वालों में 45 प्रतिशत संख्या महिलाओं की हैं। इस योजना से 89 हजार 892 भूमिहीन परिवार भी लाभान्वित हो रहे हैं।

वर्मी कम्पोस्ट की प्रचुर मात्रा

उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में ग्रामीणों से 2 रूपए की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। राज्य में इस योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व से हुई थी। 20 जुलाई 2020 से लेकर 15दिसम्बर 2021 तक की स्थिति में 58.32 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसके एवज में गोबर बेचने वालों को अब तक 114 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। गौठानों में गोबर से महिला स्व सहायता समूह बड़े पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट प्लस एवं अन्य उत्पाद तैयार कर रही हैं।

महिला समूहों की पहल सराहनीय

महिला समूहों द्वारा गौठानों में अब तक 9 लाख 69 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 4 लाख 21 हजार क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से शासन के विभिन्न विभागों एवं किसानों को रियायती दर पर प्रदाय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रहीं हैं। गौठानों में महिला समूहों द्वारा इसके अलावा सब्जी एवं मशरूम का उत्पादन, मुर्गी, बकरी, मछली पालन एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य आय मूलक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को अब तक 48 करोड़ 20 लाख रूपए की आय हो चुकी हैं। राज्य में गौठानों से 9321 महिला स्व सहायता समूह सीधे जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या लगभग 67,272 है। गौठानों से जुड़ने और गोधन न्याय योजना से महिला समूहों में स्वावलंबन के प्रति एक नया आत्म विश्वास जगा है। गौठानों में क्रय गोबर से विद्युत उत्पादन की शुरूआत की जा चुकी है। गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए कुमारप्पा नेशनल पेपर इंस्टिट्यूट जयपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के मध्य एमओयू हो चुका है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पूर्व विधायक रमेश वर्ल्यानी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर किया विदा

■ शोक-संतप्त परिजनों को बढ़ाया ढांढ़स

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के शैलेन्द्र नगर में पूर्व विधायक एवँ वरिष्ठ नेता वर्ल्यानी के पार्थिव देह पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी । उन्होंने श्री वर्ल्यानी के पार्थिव देह को कंधा दिया और नंगे पैर ही प्रेम प्रकाश आश्रम तक उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए । मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री वर्ल्यानी आर्थिक मामलों के अच्छे जानकार थे। उनसे हमेशा आर्थिक मामलों और योजनाओं को तैयार करने में सलाह मशविरा होता था। श्री बघेल ने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की । इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, महापौर ऐजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, आर. पी. सिंह, जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिक जन उपस्थित थे ।

किसान कल्याण संघ ने बरदाने की अव्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा

रायपुर । छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और दशकों से छत्तीसगढ़ धान की पैदावार में अग्रणी रहा है 17 दिसंबर को भूपेश सरकार अपने शासन का 3 वर्ष पूर्ण कर चुके है छत्तीसगढ़ के किसान प्रतिवर्ष मेहनत से धान उत्पादन करते हैं और जब फसल की कीमत पानी होती है तो मंडियों में वह लाइन लगाकर खड़ा रहता है टोकन का इंतजार करता है टोकन मिलने के बाद भी यहां किसानों की परेशानी कम नहीं होती है , मंडी कहता है कि हमारे पास बरदाने की उपलब्धता नहीं है।

ठंड से बचने निगम ने कई जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की

रायपुर/नवप्रदेश। कड़ाके की ठण्ड से बचने के लिये नगर निगम द्वारा राजधानी शहर में कई जगहों पर आम नागरिकों के लिए अलाव की व्यवस्था कर रही है। राजधानी रायपुर में इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आमजनों की सुविधा की दृष्टि से भिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम के जोन क्रमांक 7 के जोन कमिश्नर राजेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम जोन क्रमांक 7 के तहत आने वाले क्षेत्र रामनगर कबीर चौक के सुलभ शौचालय के सामने एवं शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड के तहत आने वाले क्षेत्र मोतीनगर के सुलभ शौचालय के सामने आमजनों को ठण्ड से सुरक्षा की दृष्टि से अलाव जलाने की व्यवस्था प्रशासनिक तौर पर व्यवस्था की गयी, वहीं सभी जोन कमिश्नरों को जोन के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में आमजनों को ठण्ड से सुरक्षा की दृष्टि से अलाव की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के सर्वे के नाम पर सरकार आंखों में धूल झोंक रही है: मंच

रायपुर/नवप्रदेश। बघेल सरकार ने राज्य में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27% करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10% आरक्षण देने का निर्णय लिया था जिसे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दिया था कि ऐसा करने के लिये सरकार के पास कोई आधार नहीं है, इसके बाद सरकार ने ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग की संख्या का पता लगाने के लिये छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन किया था सी एल पटेल को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था, आयोग ने 1 सितंबर 2021 से सर्वेक्षण का काम शुरू किया था जिसे पूरा करने के लिये पहले 12 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 31 अक्टूबर, 30 नवंबर और अब 15 जनवरी 2022 तक निर्धारित किया गया है। सर्वे पर सवाल उठाते हुए छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने बघेल सरकार पर आरोप लगाया है कि वह सर्वे के नाम पर कोर्ट की आंखों में धूल झोंकने और ओबीसी तथा ईडब्ल्यूएस को धोखा देने का काम कर रही है, सर्वे के नाम पर सिर्फओबीसी राशन कार्ड को मोबाईल से लिंक करने का काम किया जा रहा है, ईडबल्यूएस के लिये यह भी नहीं किया जा रहा है इसके लिये मानदंड भी तय नहीं किया गया है कि किसे ईडबल्यूएस माना जायेगा जबकि सही संख्या का पता लगाने के लिये घर घर जाकर उसी प्रकार सर्वे किया जाना चाहिये जिस प्रकार जनगणना में किया जाता है, बघेल सरकार का सर्वे रिपोर्ट हाईकोर्ट में टिक नहीं पायेगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने वाली जनता का आभार : विष्णुदेव

■ वादाखिलाफी व प्रदेश सरकार के खिलाफबढ़ता जनता का आक्रोश बता रहा कि निकाय में कमल खिल चुका हैं : विष्णुदेव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 15 निकाय क्षेत्र की जनता का आभार माना हैं। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी देने के लिए जनता को साधुवाद दिया उन्हें बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता के अधिकारों का लगातार हनन हुआ हैं, प्रत्यक्ष प्रणाली की जगह अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव करा कर जनता के एक वोट का अधिकार छीन लिया गया, विकास की गति को पीछे ढकेला गया अर्थात ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर ले जाया गया परंतु छत्तीसगढ़ की जनता महान हैं और अपना लोकतांत्रिक महत्व व ताकत समझती हैं इसी लिए बढ़ चढ़ के अपने कर्तव्य का निर्वहन जनता ने किया हैं ऐसी महान जनता को भारतीय जनता पार्टी साधुवाद देती हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 15 निकायों में से अधिकतम निकाय क्षेत्र में भाजपा के बहुमत का दावा करते हुए कहा कि जनता का मन और मतदान को लेकर उत्साह एवं लगातार प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व प्रदेश सरकार के खिलाफ बढ़ता जनता का आक्रोश बता रहा कि निकाय में कमल खिल चुका हैं। जनता ने वादा खिलाफी और छलने ठगने व झूठ बोल कर राज करने वाली कांग्रेस की नीति के खिलाफ मतदान किया हैं। जनता समझ चुकी हैं भूपेश हैं तो धोखा हैं और भाजपा हैं तो भरोसा हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि जिस सत्ता प्रप्ति की नियत से प्रत्यक्ष प्रणाली को बदल कर अप्रत्यक्ष किया गया, बैलेट पेपर युग में वापस ढकेला गया उसे भाजपा सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सत्ता के दुरुपयोग धन बल और बाहू बल के सहारे डरी हुई कांग्रेस खरीद फरोख्त का प्रयास करेगी परंतु याद रहे जनता के जनादेश का अपमान भाजपा बर्दास्त नहीं करेगी।उन्होंने चेताया कि बीते 10 नगर निगम चुनाव में जो हथकंडा अपनाया था यदि उसकी पुनरावृत्ति हुई तो जनता कांग्रेस का हाथ साफकर देगी।

कानूनी जागरूकता पर आधारित शार्ट फिल्म फैस्टिवल संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान'' 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर, 2021 तक 45 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी, मुख्य न्यायाधीश, छ.ग. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं न्यायूर्ति गौतम भादुड़ी, न्यायाधीश, छ.ग. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं जीपीआरएसएस के तकनीकी सहयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में कानूनी जागरूकता पर आधारित- शार्ट फिल्म फैस्टिवल, प्रतियोगिता एवं समारोह का आयोजन दिनांक 09 से 12 नवम्बर, 2021 तक आयोजन किया जा रहा है।

संपादकीय

महबूबा मुफ्ती का भड़काऊ बयान

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ति ने एक बार फिर भड़काऊ बयान दिया है। उन्होने कहा है कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म होने के बाद से हालात लगातार खराब हो रहे है कश्मीरियों से उनकी जमीने छीनी जा रही है, उन्हे उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इस वजह से युवाओं में आक्रोश फैल रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कश्मीर के लोगों के भड़काने के लिए यह बयान भी दिया है कि लोग जागे और अपने हक की लड़ाई के लिए तैयार हों। इसके पहले भी महबूबा मुफ्ति लगातार भड़काऊ बयानबाजी करती रही है, कभी वे कश्मीर में खून की नदियां बहने की तो कभी कश्मीरियों के तालिबानी बनने की धकमी देती रही है। समझ में नहीं आता कि केन्द्र सरकार महबूबा मुफ्ती के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। पाकिस्तान परस्त और आतंकवादियों की हिमायत करने वाली महबूबा मुफ्ती लगातार कश्मीरियों को भड़काने का प्रयास कर रही है क्यों कि 370 खत्म होने के बाद से उनकी राजनीतिक दुकानदारी पर ताला लग गया है। कश्मीर को अपने बाब की जागीर समझने वाली महबूबा मुफ्ती की हालत उस खिसियानी बिल्ली की तरह हो गई है जो अपनी खींज मिटाने के लिए खम्भा नोंचती है। यदि अभी भी सरकार ने महबूबा मुफ्ती के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो वे इसी तरह अपनी जुबान से जहर उगलती रहेंगी और कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने का उनका मकसद पूरा हो जाएगा। इसके पहले कि पानी सिर से ऊंचा हो सरकार को चाहिए कि महबूबा मुफ्ती के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करें और उन्हे जेल भेजें। इसी तरह जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूख अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला भी जब तब इस तरह की भड़काऊ बयानबाजी करते रहते है। उनके खिलाफ भी कार्यवाही जरूरी है ताकि कश्मीर में अमन और चैन कायम हों। 370 हटने के बाद से कश्मीर घाटी से आतंकवादियों का सफाया होने लगा है और पत्थरबाज गैंग तो नेस्तनाबूत हो चुका है। यह स्थिति इन नेताओं से देखी नहीं जा रही है और वे पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर में हालात बिगाड़ने के लिए इस तरह की भड़काऊ बयानबाजी करते है इसमें महबूबा मुफ्ती सबसे आगे है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जरूरत है।

विचार

युवा आबादी का पूरा फायदा

जब हम पाकिस्तान के निर्माण की बात करते हैं, तो उस जिद और खब्त के बारे में सोचने को बाध्य होते हैं, जिस पर इस मुल्क की नींव डाली गई। वैसे किसी जिद और खब्त की जमीन पर एक मुल्क बना देना अजूबी बात नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के मामले में अजूबी बात यह है कि उसके पास इसके अलावा राष्ट्र-निर्माण की कोई और सामग्री थी ही नहीं। यहां तक कि उसके नेताओं ने इसके लिए कहीं कोई लंबा संघर्ष नहीं किया। अक्सर वे उस अंग्रेज सरकार के साथ ही खड़े दिखाई दिए, जिनसे मुक्त होने के लिए पूरा देश संघर्ष कर रहा था।

लेकिन यही बात हम बांग्लादेश के बारे में नहीं कह सकते। जब तक वह पूर्वी पाकिस्तान था, अतीत और वर्तमान में अपनी शख्सियत को खोजता हुआ एक ऐसा भूभाग था, जिसे बाकी दुनिया तो छोड़िए, खुद पश्चिमी पाकिस्तान के लोग भी तरस खाने लायक तक नहीं समझते थे। वह एक ऐसे उपनिवेश की तरह था, जहां के बाशिंदों को दोयम होने का एहसास तकरीबन हर रोज कराया जाता था। लेकिन कुछ ही समय में जब इसी भूभाग ने अपनी इस पीड़ा के एहसास को राजनीतिक चेतना में बदला, तो मुक्ति के रास्ते खुलने लगे। इस राजनीतिक चेतना को एक स्वयंभू राष्ट्र में बदलने के लिए जिस लंबे धैर्य और संघर्ष की जरूरत थी, वह भी इस मुल्क के इतिहास का हिस्सा बनी।

पचास साल पहले इस तरह जो बांग्लादेश बना, उसकी मानसिकता उस पाकिस्तान से पूरी तरह अलग थी, जो कभी अपने आप को इस भूभाग का आका मानता था। पाकिस्तान पूरी तरह से जिस भारत-विरोध से ग्रस्त है, बांग्लादेश एक संघर्ष के बल पर ही उससे पूरी तरह मुक्त हो गया। बांग्लादेश की मुक्ति में भारत ने भी पूरा और बहुत बड़ा सहयोग दिया, लेकिन यह एक अलग बात है। असल बात यह है कि बांग्लादेश ने 1971 में वह सब पा लिया था, जिस ईंट-गारे के जरिये किसी राष्ट्र की इमारत का निर्माण होता है- एक इतिहास बोध, एक संस्कृति, जिसे ढाई दशक के निरंतर आक्रमणों से बचा लिया गया था, और खुद अपने सपने देखने व मंजिलें तय करने का संकल्प। अब उसे अपने अस्तित्व के लिए किसी दूसरे देश से नफरत करने की जरूरत नहीं थी।

बांग्लादेश ने उस मनोविज्ञान का खात्मा कर देने में कामयाबी हासिल कर ली, जो किसी पाकिस्तान का आधार बनती है। ऐसी मानसिकता को मारना आसान होता है, लेकिन उसके भूत से छुटकारा पाना नहीं। अगर हम बांग्लादेश का पिछले पचास साल का इतिहास देखें, तो यह भूत वहां के लोगों को डराने और सरकारों को गिराने के लिए कई बार लौटता दिखाई देता है। कभी-कभी कामयाब भी होता है। ऐसी घटनाएं कई बार किसी देश की विकास-प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं। फिलहाल हम बांग्लादेश की आधी सदी की विकास यात्रा को देखेंगे, जिसकी दूरी उसने पाकिस्तान की मानसिकता से मुक्त होकर नापी है। बांग्लादेश विश्व इतिहास के एक ऐसे मोड़ पर और भूगोल के एक ऐसे क्षेत्र में जन्मा था, जहां उसके लिए अपने पैरों पर खड़े होना आसान नहीं था। तीन साल बाद ही वहां भयानक अकाल पड़ा था और भारत समेत दुनिया भर की मदद के बाद ही वहां हालात सामान्य बनाए जा सके थे।

भिंडरावाले की वहशी मानसिकताओं की वापसी रोको

विष्णुगुप्त

दुर्भाग्य से कांग्रेस ने फिर निपटाने की राजनीति से बाज नहीं आयी। जब कांग्रेस नरेन्द्र मोदी को स्वयं निपटा नहीं पायी तो फिर कृषि कानूनों को हथकंडा बना लिया। कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिन्द्र सिंह ने किसानों को दिल्ली में बैठाने और मोदी को निपटाने की कांग्रेस की नीति को स्थापित किया। किसानों के रूप में भिंडरावालों से भी इन्हें परहेज नहीं हुआ। कल तक जो भिंडरावाले सोच वाले छिपकर अपनी गतिविधियां चलाते थे वे किसान के रूप में खुलेआम सामने आ गये और किसान आंदोलन को अपने चपेट में कैद कर लिये। नरेन्द्र मोदी ने जब देखा कि किसान के रूप में भिंडरावाले मानसिकता देश के लिए घातक बन रही है तो फिर उन्होंने कृषि कानूनों को समाप्त करना ही बेहतर समझा। कांग्रेस या कम्युनिस्टों को क्या मिला? अमरिन्द्र सिंह कांग्रेस छोड़ गये। पंजाब के किसान नेता अपनी अलग पार्टी बना कर विधान सभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और कम्युनिस्टों के लिए किसान आंदोलन घाटे का सौदा रहा। भिंडरावाले मानिसकता के लिए किसान आंदोलन जरूर फायदे का हथकंडा साबित हुआ है।

स्वार्थ की राजनीति और निपटाने की राजनीति बहुत ही घातक होती है, बहुत ही खतरनाक होती है, बहुत ही जहरीली होती है, इसका दुष्परिणाम तो राष्ट की संप्रभुत्ता ही झेलती है, इसका दुष्परिणाम मनुष्यता को बार-बार प्रताड़ित करती है और लहूलुहान भी करती है। फिर भी हमारी राजनीति, स्वार्थ और निपटाने के हथकंडे छोड़ने के लिए आगे नहीं बढ़ती है। यह भी सही है कि स्वार्थ और निपटाने की राजनीति एक समय के बाद उन पर भी भारी पड़ती हे जो इसके सूत्रधार होते हैं, जो इसके सहचर होते हैं। राजनीति में नैतिकता और शुचिता की बात अब बेकार हो गयी है। राजनीति अब कल-छपट और धूर्तता से भर गयी है। जय-पराजय अब नैतिकता और शुचिता से सुनिश्चित नहीं होते बल्कि जय-पराजय तो अब कल-छपट और धूर्तता से होने लगे हैं।

ऐसी राजनीति किस काम की जो देश की संप्रभुत्ता पर ही आंच कायम करती है, देश की संप्रभुत्ता को ही घून की तरह चाटती है, देश की संप्रभुत्ता को लहूलुहान करती है, देश की एकता और अखंडता को कमजोर करती है। देश की एकता और अखंडता जब कमजोर होगी तब देश के दुश्मनों की नापाक इच्छाओं की पूर्ति होगी, उनकी भारत को अस्थिर रखने, उनकी भारत को हिंसाग्रस्त रखने की इच्छाओं और स्वार्थो को बल मिलेगा। विगत समय में हमने ऐसी करतूतों को झेला है, ऐसी करतूतों की हमारे देश ने बहुत बड़ी कीमत चुकायी है, सुरक्षा बलों को ऐसी करतूतों को कुचलने के लिए बेहिसाब बलिदान देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसी करतूतें निर्दोष लोगों की जिंदगिया हिंसाग्रस्त कर देती हैं, निर्दोष लोगों की जिंदगियां नष्ट कर देती हैं, इसके साथ ही साथ हमारी अर्थव्यवस्था भी संकट में खड़ी हो जाती है, अर्थव्यवस्था आम लोगों की जिंदगी सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने में असहाय हो जाती है।

स्वार्थ और निपटाने की राजनीति के तहत भिंडरावाले की वापसी हो रही है। भिंडरावाले ब्लूस्टार कार्रवाई में मारा गया था। अब भिंडरावाले की मानसिकताएं फिर से हिंसित रूप में सामने आ रही हैं। अब सरेआम सड़कों पर भिंडरावाले की तस्वीर को लेकर, भिड़रावाले की टीशर्ट पहनकर प्रदर्शन करते हुए और हिंसा फेलाते हुए वहशी व हिंसक लोगों को देखा जा सकता है। विभिन्न आंदोलनों में भिंडरावाले मानसिकताओं की घुसपैठ हुई है। यह कहना भी सही होगा कि कई कुचर्चित आंदोलन की शुरूआत भी भिंडरावले मानसिकता के तहत ही हुई है। अभी-अभी जो किसान आंदोलन समाप्त हुआ है वह किसान आंदोलन निश्चित तौर पर भिंडरावाले मानसिकता से गतिशील था। किसान आंदोलन को गति देने वाले और किसान आंदोलन को आर्थिक सहायता करने वाले भिंडरावाले मानसिकता के ही लोग थे। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान आंदोलन की सुरक्षा की जिम्मेदारी भिंडरावाले मानसिकताओं से ग्रसित लोगों ने ही उठा रखी थी। दिल्ली में तथाकथित धर्मग्रंथ की बेअदबी में किस प्रकार से एक युवक की हत्या हुई थी, यह भी स्पष्ट है। बेअदबी का आरोप लगा कर उस युवक की तड़पा-तड़पा कर हत्या की गयी थी। हत्या के दोषी निहंगों की भिंडरावले के प्रति हमदर्दी भी सामने आयी थी। उत्तर प्रदेश के पीलीभित में किसानों और केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिर टेनी के समर्थकों के बीच में जो संघर्ष हुआ था उसमें भी भिंडरावाले मानसिकता की उपस्थिति थी। अजय मिश्र टेनी के काफिलें को रोकने वाले जो किसान थे वे आम किसान नहीं थे बल्कि वे भिंडरावाले की मानिसकता से ग्रसित बड़े किसान थे, वैसे किसान अपने हाथों मे भिंडरावले की तस्वीरें ले रखी थी और भिंडरावले की मानसिकता के टीशर्ट पहन रखी थी। टीवी और समाचार पत्रों में सभी ने देखा था कि अजय मिश्र टेनी के काफिले रोकने वाले और हिंसा करने वाले किसान भिंडरावाले के फोटो युक्त कपड़े पहने हुए थे। किसान प्रेम के नाम पर भिंडरावले मानसिकता के विस्तार पर बहुत ज्यादा टिका-टिप्पणी नहीं हुई है।

अभी-अभी पंजाब में दो लोमहर्षक और रक्तरंजित घटनाएं हुई हैं। दोनों घटनाएं धर्मग्रंथ के कथित बेअदबी से जुड़ी हुई है। पहली घटना में शामिल युवक के विछिप्त होने की आशंका है और दूसरी घटना में युवक के चोर होने की आशंका है। इन दोनों घटनाओ में शामिल युवकों को बेअदबी से कोई लेना-देना नहीं था। फिर दोनों युवको को पुलिस को नहीं सौंपा गया। दोनों युवकों को तब तक मारा गया जब तक उनकी जान समाप्त नही हो गयी। पुलिस को फटकने तक नहीं दिया गया। ऐसी धटनाओं के संदेश काफी जहरीले हैं,काफी खतरनाक है,काफी चिंताजनक है तथा यह प्रमाणित करती हैं कि पंजाब में भिंडरावाले मानसिकता की तेजी के साथ प्रचार-प्रसार हो रहा है और अब तेजी के साथ भिंडरावाले की मानसिकता कानून को अपने हाथ में ले रही है, कानून के शासन का मुंह चिढ़ा रही है, पुलिस और प्रशासन उसी तरह से मूकदर्शक बन रहे हैं जिस तरह से भिंडरावले के कार्यकाल में मूकदर्शक थे। पुलिस और प्रशासन का मूकदर्शक बने होने का दुष्परिणाम यह हुआ कि भिंडरावाले ने सामानंतर सरकार कायम कर ली थी, भिंडरावाले हिंसा का पर्याय बन गया था, भिंडरावाले स्वयं कानून और जज बन गया था। भिंडरावले स्वयं सजा देता था। उसने अपने धर्म आश्रय को हिंसा आश्रय में तब्दील कर दिया था। हिंसा आश्रम में उसने दर्जनों लोगों को मौत का घाट उतरवा दिया था। पंजाब में सरेआम हिन्दुओं की हत्या होती थी। बसों और अन्य वाहनों से खिंच-खिच कर हिन्दू पहचान तय कर हत्याएं होती थीं। करीब चालीस हजार हिन्दुओं की हत्याएं जनरैल सिंह भिंडरावाले ने करायी थी। अलग खालिस्तान की नींव पड़ने वाला था। ब्रिटेन से मिली सूचना पर इन्दिरा गांधी ने ब्लूस्टार सैनिक अभियान चला कर भिंडरावाले का काम तमाम किया था। भिंडरावाले को समाप्त नहीं किया जाता तो निश्चित मानिये की खालिस्तान मानसिकता हमारी राष्टीय एकता और अखंडता को खंडित कर देती।

भिंडरावाले कोई स्वयं की उपज नहीं था। वह निपटाने और स्वार्थ की राजनीति की उपज था। इन्दिरा गांधी ने अकाली राजनीति को निपटाने के लिए जनरैल सिंह भिंडरावाले को तैयार किया था और बढ़ावा दिया था। जब पूरा देश भिंडरावाले की हिंसा और विखंडनकारी बातों से त्राहिमाम था तब राजीव गांधी ने कहा था कि भिंडरावाले आतंकी नहीं बल्कि संत हैं। इसका दुष्परिणाम खुद राजीव गांधी और इन्दिरा गांधी को झेलना पड़ा था। ब्लू स्टार कार्रवाई से उपजी बदले की भावना ने इन्दिरा गांधी की जान ले ली फिर कांग्रेसियों द्वारा सिखों का नरसंहार हुआ।

नीलमणि फूकन और दामोदर मौउजो को ज्ञानपीठ पुरस्कार

योगेश कुमार गोयल

साहित्य अकादमी की वित्त समिति के सदस्य के अलावा कार्यकारी बोर्ड, सामान्य परिषद इत्यादि में कार्य कर चुके दामोदर मौउजो की प्राथमिक शिक्षा मराठी और पुर्तगाली भाषाओं में हुई थी जबकि उनकी माध्यमिक शिक्षा अंग्रेजी में हुई। मात्र 12 वर्ष की आयु में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था, जिसके बाद उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की दुकान में चाचा की मदद की। बॉम्बे यूनिवर्सिटी से उन्होंने बी.कॉम की डिग्री हासिल की और उसी दौरान उन्होंने कोंकणी में लघुकथाएं लिखना शुरू किया था, जिन्हें पाठकों ने खूब सराहा और उनमें से कुछ का अंग्रेजी में अनुवाद और प्रकाशन भी किया गया।

पिछले दिनों वर्ष 2020 और 2021 के लिए भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिए जाने वाले भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' की घोषणा कर दी गई। 56वां और 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार क्रमशः 88 वर्षीय नीलमणि फूकन जूनियर और 77 वर्षीय दामोदर मौउजो को दिया जाएगा, जिनके नाम का चयन भारतीय साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के आधार पर किया गया। नीलमणि फूकन जूनियर प्रख्यात असमिया कवि हैं तथा दामोदर मौउजो कोंकणी उपन्यासकार हैं और दोनों ही साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता भी हैं तथा संबंधित क्षेत्रीय साहित्य में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। 2020 और 2021 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों का लेकर अंतिम निर्णय प्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया। ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया काफी जटिल है, जो कई महीनों तक चलती है। किसी भी लेखक को साहित्य की आजीवन सेवा और साहित्य जगत में उसके महान् योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। 1961 में स्थापित यह पुरस्कार भारत का सबसे पुराना और सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है, जो किसी भी लेखक को मरणोपरांत नहीं दिया जाता।

10 सितम्बर 1933 को असम के दरगांव में जन्मे नीलमणि फूकन असमिया भाषा में कविता की 13 पुस्तकें लिख चुके हैं तथा असमिया साहित्य की अन्य विधाओं पर भी उन्होंने बहुत काम किया है। असमी साहित्य में उन्हें ऋषि तुल्य माना जाता हे। उनका असमिया साहित्य में विशेष स्थान है और वह पद्मश्री, साहित्य अकादमी पुरस्कार, असम वैली अवार्ड तथा साहित्य अकादमी फैलोशिप सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं। नीलमणि फूकन को साहित्य के प्रति उनकी आजीवन भक्ति का सम्मान करते हुए सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उन्हें यह सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान दिए जाने की घोषणा के साथ ही असम को अब तक के ज्ञानपीठ पुरस्कारों के इतिहास में तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल करने का सुअवसर मिला है। नीलमणि फूकन से पहले 1979 में बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य और 2000 में इंदिरा गोस्वामी को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

नीलमणि फूकन ने 1950 के दशक की शुरुआत से ही कविताएं लिखना शुरू कर दिया था और 1961 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से इतिहास में मास्टर डिग्री प्राप्त प्राप्त करने के बाद 1964 में गुवाहाटी में आर्य विद्यापीठ कॉलेज में व्याख्याता के रूप में कैरियर की शुरूआत की थी, जहां वे 1992 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कार्यरत रहे। प्रगतिशील सोच वाले आधुनिक कवि नीलमणि फूकन करीब सात दशकों से कविता कर्म में सक्रिय हैं, जिन्होंने असमिया कविता को नया अंदाज प्रदान किया है। आत्मकथा और 13 कविता संग्रहों के अलावा आलोचना पर भी उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में 'सूर्य हेनु नामी आहे ए नोडियेदी', 'गुलापी जमुर लग्न', 'कोबिता' इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने जापान और यूरोप की कविताओं का असमिया में अनुवाद भी किया। 1981 में उन्हें उनके कविता संग्रह 'कोबिता' पर असमिया में साहित्य अकादमी पुरस्कार और 1997 में असम घाटी साहित्य पुरस्कार मिला था। 2002 में साहित्य अकादमी ने उन्हें अपना फैलो बनाया था, जो भारत की राष्ट्रीय पत्र अकादमी द्वारा दिया गया सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है। भारत सरकार द्वारा 1990 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा प्रतिष्ठित ब्रह्मपुत्र वैली पुरस्कार सहित उन्हें बहुत सारे सम्मान मिल चुके हैं। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें 2019 में डी.लिट् से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 2020 के लिए 56वां सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। 1 अगस्त 1944 को दक्षिण गोवा में मजोरदा के तटीय गांव में एक गौड़ सारस्वत ब्राह्मण परिवार में जन्मे दामोदर मौउजो कोंकणी भाषा के प्रमुख कवि, आलोचक, लघु कथाकार, उपन्यासकार और कोंकणी भाषा के विख्यात पटकथा लेखक हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सर्द रातों में ठिठुरती

सर्द रातों में ठिठुरती जिंदगी फुटपाथ पर, मन्दिरों पर, स्टेशन पर और उन तमाम जगह , जो बन जाता है उन यतीमों का आशियाना जो तलाशते है थोड़ा सा सुकून, थोड़ी सी नींद , उस खुले आसमान तले जो बना देती है सर्द भरी रातो को बर्फकी तरह जिसमे गुजारते है वो सभी अपनी रात जिनके पास नर्म मुलायम बिस्तर और सिर छुपाने को कोई घर नही है।

– सपना परिहार

देश प्रेम परिभाषा

देश प्रेम परिभाषा लिख गये आप जो है , कविता में ढालकर कवि जन गायेंगे धीरता व बीरता में कोई नहीं तुम सम, आने वाली पीढ़ियों को बात ये बतायेंगें सूरज के उदय से अस्त तक जाय हम , शौर्य तेरा गान करि सबको सुनायेंगें गौरव पूर्ण इतिहास लिख के अमर भये भारती के लाल तुझे भूल नहीं पायेंगें। - अजय मिश्रा अभिज्ञ

खास पाती

ढूंढते हुए पाई जाती हैं

ढूंढते हुए पाई जाती हैं औरतें हां ...अक्सर कुछ ढूंढते हुए पाई जाती है औरतें ढूंढती है अपनों की आंखों में अपने लिए थोड़ा सा प्यार ,सम्मान और केयर जब इन सब की जगह मिलते हैं उसे उल्हाने, ताने और उम्मीदों के बोझ तब मायूस हो वह घुटती है अंदर ही अंदर दफना देती है , अपनी इच्छाओं को बंद कर देती है , मन के दरवाजे नही रहती जगह फिर अपनो के लिए हीसाथ तो देती है,, मगर ऊपरी सतह से मगर ...कहाँ दफन होती हैं इच्छाएं वो तो भीगी लकड़ी सी सुलगती रहती हैं मन के भीतर ही भीतर और ज़रा सी प्रेम की हवा मिलते ही फिर से भभक उठती हैं और तलाशने लगती हैं वही सब मगर अब आँखें कोई और होती हैं। **– प्रीया वाच्छानी**

मैं हँसना चाहती हूँ पर मैं

मैं हँसना चाहती हूँ पर मैं हँस नही सकती लोग मेरी हँसी सुन मुझसे लाख सवाल करेंगे, मैं रोना चाहती हूँ पर मैं रो नही सकती लोग मेरा रोना सुन मुझसे लाख सवाल करेंगे, मैं चीखना चाहती हूं पर मैं चीख़ नही सकती लोग मेरी चीख़ सुन मुझसे लाख सवाल करेंगे, मैं नही जानती मैं क्यूँ चुप हूँ मैं किससे डर रही हूं उनके सवाल से या अपने ही दिल से निकले हुए मासूम ,सीधे साधे सच्चे बेख़ौफ़जवाव से? मैं, मैं तो बस चुप रहना चाहती हूँ शांत रहना चाहती हूं ताकि संतुलन बना रहे रिश्तों की कमजोड़ गांठों में रिश्तों की तमाम अनचाही अनुबंधों की असंख्य अनुपातों में, पर,पर कब तक। **– निभा चौधरी**

कभी ऐसा न करना तुम मेरा

कभी ऐसा न करना तुम मेरा दिल तोड़ मत जाना कहीं राहों में मुझको तुम अकेला छोड़ मत जाना नहीं मैं जी सकूँगा बिन तुम्हारे ओ मेरे दिलबर मिलें जब हम कहीं पर तो नज़र ये मोड़ मत जाना। **– संजय कुमार**

जीवन से मत हार बंदे जीवन

जीवन से मत हार, बंदे, जीवन से मत हार॥ दोष तेरे माथे पे सजेंगे, भार हजारों हृदय बसेंगे। लोग अकारण प्रश्न करेंगे- करना नहीं स्वीकार, बंदे, जीवन से मत हार॥ स्वप्न सजीले नित्य ढहेंगे, अश्रु नयन से सतत बहेंगे। व्यर्थ कथ्य अनगिनत गढ़ेंगे- रख मर्यादित प्रतिकार, बंदे, जीवन से मत हार॥ चाहे पवन विपरीत चले अब, चाहे दिवाकर पूरब ढले अब। एकाकीपन चाहे खले अब- त्यागना मत अधिकार, बंदे, जीवन से मत हार॥ जीवन से मत हार, बंदे, जीवन से मत हार॥ **– गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

कभी तुम्हारे रूप को कभी

कभी तुम्हारे रूप को कभी उसी प्रतिरूप को साथ मैं पाती रही हूँ आँसू जो आते आँखों में मेरे चुपके से अकसर बिन कुछ जताए पोंछ जाते हो तुम अस्तित्व में मेरे गहरे से यूँ पैठ जाते हो तुम! **– सरिता खोवाला**

दान करने से रुपया जाता

दान करने से रुपया जाता है लक्ष्मी नहीं! घड़ी बंद करने से घड़ी बंद होती है समय नहीं झूठ छुपाने से झूठ छुपता है सच नहीं माना दुनियाँ बुरी है ,सब जगह धोखा है, लेकिन हम तो अच्छे बने ,हमें किसने रोका है रिश्तें मौके के नहीं भरोसे के मोहताज होते है।

– पितांबर श्रीवास्तव

पसंद आना अलग है पसंद बने

पसंद आना अलग है, पसंद बने रहना अलग और पसंद होकर, बाद में नापसंद हो जाना एकदम अलग.. हम हर क्रियाओ मे रिश्तों को नाम देने मे इतने मशगूल है कि प्रक्रियाओ से बचने के बजाय ..अब हम रिश्तो से बचने लगे है।

– पुष्पा त्रिपाठी

QUIZ TIME

1) किस अंतरिक्ष एजेंसी ने दुनिया का पहला वाणिज्यिक पूर्ण रूप से रि-प्रोग्रामेबल उपग्रह 'यूटेलसैट क्वाण्टम' लॉन्च किया है?

2) राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्था कहाँ स्थित है? (गुरूग्राम / नई दिल्ली)

3) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'घोड़े' का पर्यायवाची नहीं है? (हय / बाजी / सैन्धव / गयन्द)

4) 'चमत्कार' विशेषय से बनने वाला विशेषण शब्द क्या होगा? (चमत्कारी / चमत्कारपूर्ण)

5) मिनी आईपे को किस संगठन का नया प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ईएसए (2) नई दिल्ली (3) गयन्द (4) चमत्कारी (5) भारतीय जीवन बीमा निगम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1784 - जॉन जे अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने। 1898 - रसायन शास्त्री पियरे और मेरी क्यूरी ने रेडियम की खोज की। 1910 - इंग्लैंड के हुलटन में कोयला खदान विस्फोट में 344 श्रमिकों की मौत। 1914 - अमेरिका में पहली मूक हास्य फीचर फिल्म 'तिल्लीस पंचर्ड रोमांस' रिलीज हुई। 1921 - अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने धरना प्रदर्शन और काम रोकने को असंवैधानिक घोषित किया। 1923 - ब्रिटेन के संरक्षित राज्य के दर्जे से मुक्त होकर नेपाल पूर्ण स्वतंत्र देश बना। 1931 - अर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड न्?यूयॉर्क वर्ल्?ड अखबार में प्रकाशित हुआ। 1937 - रंगीन चित्रों और आवाज वाली पहली कार्टून फिल्म 'डिजनीस स्नो व्हाईट' का प्रदर्शन किया गया। 1949 - पुर्तगाली शासकों ने इंडोनेशिया को संप्रभु राष्ट्र घोषित किया। 1952 - सैफुद्दीन किचलू तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने। 1971 - कुर्त वॉल्दहिम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चौथे महासचिव बने। 1974 - पनडुब्बी प्रशिक्षण देने वाले देश के पहले पोत आईएनएस सातवाहन को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में जहाजी बेडे में शामिल किया गया। 1975 - मेडागास्कर में संविधान लागू हुआ। 1988 - स्कॉटलैंड की सीमा के नजदीक लॉकरबी शहर में एक पैनएम का जंबो जेट 258 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1991 - कज़ाकिस्तान की राजधानी अल्मा अता में 11 सोवियत गणराज्यों द्वारा राष्ट्रमंडल का गठन।

'डांस मेरी रानी' से नोरा फतेही दर्शकों का खींचेगी ध्यान

मुंबई (वार्ता)। पंजाबी सिनेमा जगत के लोकप्रिय सिंगर गुरु रंधावा और बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का नया गीत 'डांस मेरी रानी' मंगलवार को रिलीज होने के लिये तैयार है। इस गीत को लेकर निर्माता से लेकर प्रशंसकों के बीच गजब का उत्साह बना हुआ है। पिछले कई दिनों से नोरा फतेही ने इस गीत में अपने लुक से सबका ध्यान आकर्षित किया है। इस गीत को रिलीज करने करने की जानकारी नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक छोटा सा वीडियो अपलोड करते हुये लिखा, चलिये आपको एक दूसरी दुनिया की सैर कराएं।

कुछ दिन पहले ही टी-सीरीज पर इस गीत का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे प्रशंसकों ने अच्छा रिस्पांस दिया था। सोशल मीडिया पर इस गीत को लेकर प्रशंसक काफी उत्साहित दिख रहे हैं, इसलिये यह जानकारी उन लोंगों के लिये अच्छी खबर है। इस गीत में अभिनेत्री नोरा फतेही एक जलपरी की भूमिका में दिख रही हैं और इस गीत की शूटिंग किसी टापू पर की गयी है। इस गीत में गुरु रंधावा और नोरा फतेही का जबरदस्त डांस देखने को मिलेगा। यह गीत मंगलवार को दोपहर बाद 12 बजकर 21 मिनट पर रिलीज किया जायेगा।

सलमान खान ने बजरंगी भाईजान के सीक्वल का किया एलान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने 'बजरंगी भाईजान' फिल्म के सीक्वल का एलान किया है। सलमान खान के सफल फिल्मों में से एक फिल्म बजरंगी भाईजान को लोगों ने खूब प्यार दिया था। ऐसे में इस फिल्म के सीक्वल के एलान के बाद उनके प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है।

अभिनेता ने रविवार को यहां फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के एक इवेंट शो में यह जानकारी दी। सलमान ने बेहद ही सरल अंदाज में 'बजरंगी भाईजान-2' का एलान किया। फिल्म बजरंगी भाईजान ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। जिससे साफ है कि इस सीक्वेल की अगली फिल्म को लोग फिर से सराहेंगे और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचायेगी।

निर्देशक कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 'बजरंगी भाईजान' 2015 में आई थी। इस फिल्म में अभिनेता सलमान खान, अभिनेत्री करीना कपूर खान और अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन रहा था।

अतरंगी रे का नया गाना 'लिटिल लिटिल' हुआ रिलीज

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता अक्षय कुमार, धनुष और सारा अली खान की फिल्म 'अतरंगी रे' शुक्रवार को रिलीज होगी। फिल्म के रिलीज होने से पहले इसके गानों को एक-एक करके रिलीज किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को इस फिल्म का एक और गाना 'लिटिल-लिटिल' रिलीज किया गया। इसकी जानकारी अभिनेता अक्षय कुमार ने खुद ट्वीट कर दी। अक्षय ने ट्वीट किया, ''लिटिल लिटिल के लिये तैयार हो जाओ, यह आ गया है। 24 दिसंबर को यह फिल्म हॉटस्टार पर प्रदर्शित होगी। इस गाने में मशहूर संगीतकार ए.आर. रहमान ने म्यूजिक दिया है। गाने में अक्षय कुमार और धनुष धमाकेदार डांस करते दिख रहे हैं। वहीं अभिनेत्री सारा अली खान भी इन दोनों अभिनेताओं के साथ खूब ठुमके लगाते दिखाई दे रही है। इस गाने को किसी बॉयज होस्टल में फिल्माया गया है। इस गाने के यूट्यूब पर रिलीज होते ही दर्शकों ने खूब प्यार दिया है।

अभी तक इस फिल्म के चार गाने रिलीज हो चुके है। सबसे पहले फिल्म का गाना 'चका चक' , इसके बाद 'रेत जरा सी', फिर 'गर्दा' और अब 'लिटिल लिटिल' रिलीज हो चुका है। फिल्म के सभी गानों को दर्शकों का खूब सराहा रहा है। फिल्म निर्देशक आनंद एल राय द्वारा निर्देशित यह फिल्म हॉटस्टार पर 24 दिसंबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष पहली बार एक साथ नजर आ रहे हैं।

सलमान खान ने राखी सावंत के पति को लगाई फटकार

मुंबई (वार्ता)। टीवी की दुनिया की पिछले कई वर्षों से विवादित रियलिटी शो बिग बॉस की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने शो के 15वें सीजन के दौरान 'वीकेंड का वार' एपिसोड में राखी सावंत के पति रितेश को जमकर फटकार लगाई है। बिग बॉस के घर में सलमान खान ने राखी सावंत से उनके पति द्वारा किये गये व्यवहार के बारे जानने के बाद राखी सावंत के पति रितेश को खूब फटकार लगाई। सलमान ने उन्हें चेतावनी दी कि आगे से राखी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करें। दरअसल इस शो में सलमान ने राखी सावंत से उनके पति के बारे में पूछा, जिसके बाद राखी ने कहा कि मेरे पति का बर्ताव मेरे प्रति अच्छा नहीं है। वह जब भी अपने पति रितेश के साथ बैठने की कोशिश करती हैं, तो रितेश उन्हें फटकार लगा देते हैं और गुस्सा भी करते हैं। सलमान ने राखी से भी कहा कि इस तरह के व्यवहार तुम बर्दाश्त मत करो, जिसपर अभिनेत्री ने कहा कि मैं उन्हें इसलिए जवाब नहीं देती क्योंकि वह मुझे छोड़कर चले जायेंगे। सलमान ने रितेश को ऐसा नहीं करने को कहा है। बिग बॉस के प्रशंसक इस बात को लेकर सलमान खान की खूब तारीफकर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

मोदी ने की ऑटो, टेलीकॉम सहित विभिन्न क्षेत्रों के सीईओ के साथ चर्चा

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट की तैयारियों से पहले विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के प्रमुखों के साथ चर्चा करने के तहत आज यहां बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम, उपभोक्ता वस्तुयें, वस्त्र, नवीनीकरणीय ऊर्जा, आतिथ्य, प्रौद्योगिकी, हेल्थकेयर, अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉनिक्स आदि क्षेत्रों की कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ चर्चा की। इस बैठक में प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इससे पहले श्री मोदी वेंचर कैपिटल क्षेत्र की कंपनियों के साथ ही चर्चा कर चुके हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी आम बजट की तैयारियों के तहत विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ ही चर्चा कर रही है।

रुपया 15 पैसे चढ़ा

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर पर बने दबाव और बैंकरों एवं डीलरों की कमजोर मांग से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 15 पैसे चढ़कर 75.92 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। रुपया पिछले सत्र में 76.07 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज छह पैसे की गिरावट लेकर 76.13 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती कारोबार में यह 76.16 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक फिसला लेकिन इसी दौरान डॉलर पर बने दबाव के कारण रुपया 75.83 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 15 पैसे चढ़कर 75.92 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

निवेशकों के डूबे 6.80 लाख करोड़

मुंबई (वार्ता)। कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन के बढ़त मामलों के कारण वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के दबाव में घरेलू स्तर पर भी हुयी जबरदस्त बिकवाली के कारण आज निवेशकों के 6.80 लाख करोड़ रुपये डूब गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स के 2.09 प्रतिशत टूटकर 56 हजार अंक के नीचे 55822.01 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 2.18 प्रतिशत टूटकर 16614.20 अंक पर रहा। इस तरह हुयी भारी बिकवाली से बीएसई में निवेशकों के 679696.61 करोड़ रुपये डूब गये।

एफआईएच ने स्पोर्टरडार के साथ की भागीदारी

लुसाने (स्विट्जरलैंड) (वार्ता)। हॉकी के विश्व निकाय अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मैच फिक्सिंग और हॉकी में सट्टेबाजी की रोकथाम के लिए अग्रणी वैश्विक खेल प्रौद्योगिकी कंपनी स्पोर्टरडार के साथ भागीदारी की है।

एफआईएच और स्पोर्टरडार ने सोमवार को भागीदारी की घोषणा की। इसके तहत स्पोर्टरडार 2029-30 सीजन के अंत तक एफआईएच का विशेष सट्टेबाजी एवं गेमिंग डेटा अधिकार भागीदार बना है। समझौते के तहत स्पोर्टरडार अगले नौ वर्षों के लिए सभी एफआईएच प्रतियोगिताओं से विश्व स्तर पर सट्टेबाजी डेटा एकत्र और वितरित करेगा। इसमें एफआईएच हॉकी विश्व कप, एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर, एफआईएच इंडोर हॉकी विश्व कप, एफआईएच हॉकी प्रो लीग और एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप के साथ-साथ ओलंपिक क्वालीफायर सहित प्रत्येक सीजन में लगभग 300 मैच शामिल हैं।

इसके अलावा स्पोर्टरडार एफआईएच को उसके टूर्नामेंट और डेटा को अधिक प्रभावी ढंग से व्यवस्थित करने के लिए एक बीस्पोक कॉम्पिटिशन मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म भी प्रदान करेगा। सहज और उपयोग में आसान इस प्लेटफॉर्म को एफआईएच के नियमों और विनियमों के अनुरूप बनाया गया है और यह प्रतियोगिताओं, मैच के परिणामों, खिलाड़ी के आंकड़ों, रैंकिंग और काफी चीजों को व्यवस्थित करने में मदद करेगा। कॉम्पिटिशन मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म महाद्वीपीय और राष्ट्रीय संघों सहित सभी एफआईएच सदस्य संघों को भी उपलब्ध कराया जाएगा। काफी गहराई में जाकर डेटा को इकट्ठा करने के लिए एक समर्पित और केंद्रित प्रयास के जरिए एफआईएच दुनिया भर में हॉकी प्रशंसकों को जोड़ने के लिए अधिक पहुंच प्रदान करने के लिए डेटा का उपयोग करने में सक्षम होगा।

समझौते के तहत स्पोर्टराडर अखंडता सेवाएं भी प्रदान करेगा। स्पोर्टराडर की एक सिद्ध सट्टेबाजी निगरानी प्रणाली यूनिवर्सल फ्रॉड डिटेक्शन सर्विस (यूएफडीएस) एफआईएच प्रतियोगिताओं की अखंडता को बनाए रखने और उन्हें मैच फिक्सिंग और अन्य जोखिमों से बचाने में मदद करेगी। अधिकारियों को शिक्षा और रोकथाम कार्यशालाएं भी प्रदान की जाएंगी। स्पोर्टराडर के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय सीईओ एड ब्लोंक ने इस बारे में कहा, ÷स्पोर्टरडार का अनुभव और तकनीकी जानकारी हमें एफआईएच के लिए विशिष्ट समाधान बनाने में मदद करेगी जो हॉकी के स्तर को ऊपर उठाने में मदद करेगी।

पेट्रोल और डीजल में 46 वें दिन स्थिरता

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में नरमी के बावजूद आज लगातार 46 वें दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी रही।

दिल्ली में गत दो दिसंबर को वैट में कमी किये जाने के कारण पेट्रोल की कीमतें करीब आठ रुपये प्रति लीटर कम हुआ था और उसके बाद से दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

आज सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 2.41 प्रतिशत की नरमी के साथ 71.75 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.58 प्रतिशत उतरकर 69.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी। घरेलू बाजार में 46 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

स्मिथ और बाउचर के आचरण की होगी अधिकारिक जांच

जोहानसबर्ग (वार्ता)। सोशल जस्टिस एंड नेशन बिल्डिंग (एसजेएन) रिपोर्ट के सामने आने के बाद अब क्रिकेट साउथ अफ़्रीका (सीएसए) अपने क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ और पुरुष टीम के प्रमुख कोच मार्क बाउचर के आचरण की औपचारिक जांच शुरू करेगा। इस जांच की शुरुआत अगले साल होगी और इसमें स्वतंत्र कानूनी सलाहकारों की मदद ली जाएगी। फ़िलहाल के लिए स्मिथ और बाउचर अपने पद पर बने रहेंगे।

पिछले बुधवार को सार्वजनिक की गई एसजेएन रिपोर्ट में यह पता चला कि स्मिथ, बाउचर, एबी डीविलियर्स सहित कई लोगों ने नस्ल के आधार पर पक्षपात और भेदभाव किया था। हालांकि लोकपाल डुमिसा नत्सेबेज़ा एक निश्चित निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए और उन्होंने एक कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की सिफ़ारिश की। सीएसए उन सभी सदस्यों की जांच करेगा जो इस प्रकार के आचरण में शामिल थे, जिसमें से स्मिथ और बाउचर सबसे बड़े नाम हैं।

सोमवार सुबह जारी किए गए बयान में सीएसए ने कहा, 'बोर्ड ने उन सभी कर्मचारियों और ठेकेदारों से औपचारिक तौर पर पूछताछ करने का फ़ैसला किया है, जिन पर नस्लीय भेदभाव करने के आरोप लगे हैं।

पनामा पेपर: एश्वर्या राय बच्चन ईडी के समक्ष पेश हुयी

नई दिल्ली (वार्ता)। पनामा पेपर लीक मामले में पूर्व विश्व सुंदरी और अभिनेत्री एश्वर्या राय बच्चन सोमावार को राजधानी के जामनगर हाउस स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पेश हुयी। ईडी ने आज ही श्रीमती बच्चन को पेश होने का नोटिस जारी किया था क्योंकि वह पहले दोबार भी इस तरह के नोटिस पर पेश नहीं हो पायी थी। विदेशों के निवेश या धन संपदा रखने वाले 500 भारतीयों की इस सूची में श्रीमती बच्चन का भी नाम आया था। ईडी इस सूची में नाम वाले सभी लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ कर रहा है। इस सूची में श्रीमती बच्चन के ससुर अभिनेता अमिताभ बच्चन का भी नाम आया था। अभिनेता अभिषेक बच्चन की पत्नी एश्वर्या बच्चन को विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून 1999 के तहत नोटिस जारी किया गया था। पनामा पेपर लीक मामले की विशेष जाँच दल (एसआईटी) जाँच कर रहा है।

2022-23 में दो बार पाकिस्तान का दौरा करेगा न्यूज़ीलैंड

वेलिंग्टन (वार्ता)। 2022-23 के क्रिकेट सत्र में न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान का दो बार दौरा करेगा। दोनों देशों के बोर्ड ने सोमवार को इस पर आपसी सहमति जताई। दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान में दो टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज़ खेलेगा। इसके बाद अप्रैल 2023 में कीवी टीम फिर पांच वनडे और पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। इससे पहले इस साल टी20 विश्व कप से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए दौरा रद्द कर दिया था। दोनों देशों के बोर्ड ने आपसी सहमति और भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफ़टीपी) के अनुसार ही ये दोनों दौरे तय किए हैं। एक दौरा रद्द हुए दौरे की जगह पर खेला जाएगा, वहीं दूसरा दौरा पहले ही एफ़टीपी का हिस्सा था। इस मौक़े पर न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा, 'पाकिस्तान लौटना अच्छा है। हमारे चेयरमैन मार्टिन स्नीडन और रमीज़ राजा के बीच दुबई में एक अर्थपूर्ण चर्चा हुई और दोनों बोर्ड आपसी संबंध और गाढ़ा करने पर सहमत हुए।' वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज़ राजा ने कहा, 'मैं इस चर्चा से बहुत खुश हूं।

बंगलादेश टीम के सभी सदस्यों के नेगेटिव आने के बाद दौरे पर संदेह कम हुआ

वेलिंगटन (वार्ता)। बंगलादेश टीम के सभी सदस्यों के कोरोना नेगेटिव आने के बाद न्यूजीलैंड और बंगलादेश के बीच खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर संदेह कम हो गया है। खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड में मौजूद बंगलादेश टीम के निदेशक खालिद महमूद ने सोमवार को बताया, ÷हमने कल आखिरी कोरोना टेस्ट करवाया था, जिसका आज रिजल्ट आया और हम सभी नेगेटिव पाए गए हैं। हम कल मैनेज्ड आइसोलेशन एंड क्वारंटाइन सेंटर से बाहर आ सकते हैं और सुबह से लिंकन यूनिवर्सिटी ग्राउंड में अपना अभ्यास शुरू कर सकते हैं जहां हमें जिम की सुविधा भी मिलेगी। अभ्यास पूरा करने के बाद हम अपने टीम होटल में जाएंगे और सभी सामान्य गतिविधियां करेंगे।÷ उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के स्पिन गेंदबाजी कोच रंगना हेराथ के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद पूरी बंगलादेश टीम को 21 दिसंबर तक कोई अभ्यास सत्र नहीं करने के लिए कहा गया था।

शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 384.80 अंक फिसला

ओमीक्रॉन से सहमा बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी हुआ धड़ाम

मुंबई (वार्ता)। कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन के बढ़ते मामलों के कारण वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार धड़ाम हो गया। सेंसेक्स 1189.73 अंक टूटकर 56 हजार अंक से नीचे 55822.01 अंक पर और निफ्टी 371 अंक उतरकर 16614.20 अंक पर आ गया जिससे निवेशकों के 6.80 लाख करोड़ डूब गये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1189.73 अंक उतरकर 55822.01 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 384.80 अंक फिसलकर 16600.40 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली देखी गयी जिसके कारण बीएसई का मिडकैप 3.42 प्रतिशत टूटकर 23702.91 अंक पर और स्मॉलकैप 3.31 प्रतिशत फिसलकर 27514.42 अंक पर रहा। बीएसई का बाजार पूंजीकरण गत शुक्रवार को कारोबार बंद होने पर 25937277.66 अंक पर रहा था जो आज की बिकवाली के बाद 679696.61 करोड़ रुपये घटकर 25257581.05 करोड़ रुपये पर आ गया। इस तरह से निवेशकों के करीब 6.80 लाख करोड़ रुपये डूट गये।

बीएसई में शामिल सभी समूह गिरावट में रहे जिसमें रिलयटी सबसे अधिक 4.74 प्रतिशत उतर गया। बीएसई में कुल 3567 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2699 गिरावट में और 746 बढ़त में रहा जबकि 122 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर चौतरफा बिकवाली रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 1.34 प्रतिशत, जर्मनी का डेक्स 2.07 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.93 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.07 प्रतिशत उतर गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 498.48 अंकों की गिरावट लेकर 56517.26 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 56538.15 अंक के उच्चतम स्तर तक टूटा लेकिन इसी दौरान वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के कारण बिकवाली शुरू हो गयी जिससे यह 56 हजार अंक के स्तर से भी नीचे 55132.68 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में यह पिछले दिवस के 57011.74 अंक की तुलना में 2.09 प्रतिशत अर्थात 1189.73 अंक टूटकर 55822.01 अंक पर रहा। एनएसई का निफ्टी 161 अंकों की गिरावट लेकर 16824.25 अंक पर खुला। शुरूआती सत्र में यह 16840.10 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह 16410.20 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

Phone 07744-224035 (O) E-mail- eeraj-cg.gov.in

इस कार्यालय की निविदा सूचना क्रमांक-170 दिनांक 12.10.2021 सिस्टम क्रमांक 85468 जी. क्रमांक 64642 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

जी-65998/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रं.-1 रायपुर छ.ग.
मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्रमांक 9892/एन.आई.टी.-34/टी.सी./21-22/ रायपुर, दिनांक 15/12/2021

कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखों में)
Construction of Toilet Bolck (Boys & Staff) at I.T.I. Mana Camp Raipur C.G.	10.44

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिति - 03.01.2022

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट में के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

उक्त ज्ञापन में आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1
रायपुर छ.ग.

जी-66003/3

रबी फसल के लिए गोबर से बने जैविक खाद की मांग बढ़ी

■ **जिले के गन्ना, उद्यानिकीय उत्पादक किसान करते है जैविक खाद का उपयोग**

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने की लिए शुरू की गई गौधन न्याय योजना का सफ्ल क्रियान्वन कबीरधाम जिले में देखने को मिल रहा है। जिले के किसान जैविक खेती में खासा रूचि ले रहे है। इसके परिणाम मूलक इस योजना से तैयार हो रही जैविक खाद वर्मी कंपोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की मांग बढ़ रही है। इस वर्ष खरीफ फसल में किसानों द्वारा जैविक खेती करने के लिए 37 हजार 973 क्विंटल खाद का उठाव किया गया था।

कबीरधाम जिले में चालू सीजन में रबी फसल के लिए अब फिर से किसानों द्वारा गोबर से निर्मित जैविक वर्मी कंपोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की मांग की जा रही हैं। जिले के गन्ना,उद्यानिकी और चना उत्पादक किसानों द्वारा जैविक खाद की मांग की जाती है। रबी फसल के लिए अब तक 14 सौ क्विंटल जैविक खाद का उठाव किया जा चुका है। कृषि विभाग के उपसंचालक श्री एमडी डड़सेना ने बताया कि चुकि कबीरधाम जिले में गन्ना की बोवाई 15 फरवरी तक की जाती है इस हिसाब से रबी फसल के लिए आठ हजार क्विंटल जैविक खाद उठाव होने उम्मीद है। पिछले रबी फसल के लिए जिले किसानों द्वारा 54 सौ क्विंटल जैविक खाद का उठाव किया गया था।

जैविक खाद के लिए किसानों को और जागरूक करने की जरूरत-कलेक्टर

कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने आज समय सीमा की बैठक में गौधन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के किसानों को जैविक खेती से जोड़ने और उन्हे प्रोत्साहित करने की और आवश्यकता है। कृषि विभाग के मैदान अमला किसानों से भेंट कर जैविक खेती के फायदें बताएं। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को समय-समय पर जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित करने तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से किसानों को और प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। उपसंचालक श्री डड़सेना ने बताया कि कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में गौधन न्याय योजना का सफ ल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले के 295 गोठानों में पंजीकृत 6082 गौपालकों द्वारा गोबर की खरीदी की जा रही है। योजना के शुरू से लेकर अब तक जिले में दो लाख 5 हजार 747 क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है।

खेलों के माध्यम से युवाओं में एकता का संचार होता है : संजय नेताम

भाठीगढ़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

मैनपुर (नव प्रदेश)। विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के पैरी स्टेडियम में रविवार को स्व.रामेश्वर नेगी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जहां बेहद रोमांचकारी फाइनल मुकाबले में हरदीभांठा की टीम ने भाठीगढ़ की टीम को सुपर ओवर में हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे हमारे युवा साथियों के बीच एकता का संचार होता है और अच्छी आदतों का विकास किया जा सकता है। इस रोमांचक मुकाबले ने आज इस प्रतियोगिता की सार्थकता को साबित कर दिया और शानदार आयोजन ने इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि की है। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बलदेवराज ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से सद्भावना और भाईचारे में वृद्धि होती है। खिलाड़ियों को हमेशा अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रयासरत होने चाहिए जिससे भविष्य में होने वाले बड़े आयोजनों के लिए खुद को तैयार कर सकें। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी ने कहा कि खेल भी हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक है हमें निरंतर अभ्यास के माध्यम से खेल में निखार लाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय महिला पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 व 25 को

डोंगरगढ़ (नव प्रदेश)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के शारिरीक शिक्षण विभाग द्वारा 24 एवं 25 दिसम्बर को दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय महिला पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पुराने ममहाविद्यालय भवन के स्टेडियम परिसर में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं महाविद्यालय जनभगीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान उपस्थित रहेंगे।

इतिहास विभाग में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन

डोंगरगढ़ (नव प्रदेश)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोगरगढ़ के इतिहास विभाग में प्र. प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती के निर्देशानुसार अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त अतिथि व्याख्यान में वाणिज्य विभाग की अ.व्या. ज्योति साहू को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी ने व्याख्यान से पूर्व छात्र छात्राओं को अंतर विभागीय व्याख्यान के महत्व के विषय जानकारी दी। तत्पश्चात शोध प्रविधि प्रणाली के स्वर्णिम नियम शीर्षक पर ज्योति साहू ने विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस व्याख्यान में एमए इतिहास प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (नवप्रदेश)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने नगरीय निकाय आम एवं उप निर्वाचन के तहत नगर निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 17 तुलसीपुर पार्षद चुनाव के लिए चल रहे मतदान का जायजा लेने ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान व्यवस्था का अवलोकन किया। ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव परिसर में 5 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने सभी केन्द्रों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाता दलों के कर्मचारियों से चर्चा कर मतदान की स्थिति, मतदान कर चुके मतदाताओं की संख्या और मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदर्शनी | विद्यार्थी शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्न हुए

फोटो प्रदर्शनी में छात्रावास के विद्यार्थी योजनाओं से हुए अवगत

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शासन के तीन वर्ष पूरा होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी में अवकाश के दिन में शासकीय अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास कौरिनभांठा, शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बल्देवबाग, शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पनेका, अनुसूचित जाति बालक छात्रावास न्यू महेश नगर तथा शासकीय पोस्ट मैट्रिक परियोजना कन्या छात्रावास बल्देवबाग के विद्यार्थी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत हुए। विद्यार्थी शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्न हुए। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क विभाग द्वारा एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक साथ मिली है। साथ ही जनमन पत्रिका, पाम्पलेट्स, ब्रोसर भी दिया गया। जिसके माध्यम से विस्तार से योजना के बारे में जानकारी मिलेगी।

शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बल्देवबाग की छात्रा कुमारी एश्वर्या ने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई फ ोटो प्रदर्शनी बहुत अच्छी लगी। प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल रही है। फ ोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना अच्छी पहल है। शासकीय अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास कौरिनभांठा की छात्रा कुमारी यामिनी ने कहा कि इस प्रदर्शनी में बहुत कुछ सिखने को मिला। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भी यह उपयोगी है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी अनोखा लगा। यहां सभी विभाग की योजना को एक साथ जोड़कर बताया गया है। शंकरपुर निवासी पायल निषाद ने बताया कि वे बारहवीं कक्षा में कला विषय की छात्रा हैं। जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी अच्छी है। एक साथ सभी विभागों के शासकीय योजनाओं की जानकारी मिलने का एक अच्छा माध्यम है। जिससे हम इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पनेका की अधीक्षिका मालती टंडन ने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी दिखाने के लिए नवमीं एवं दसवीं की छात्राओं को लेकर लाई हूं। प्रदर्शनी बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान बढ़ाने में बहुत मददगार है। उन्हें अपने भविष्य में किस क्षेत्र में आगे बढ़ना है, इसके लिए आवश्यक जानकारी मिली है। प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास राजनांदगांव की अधीक्षिका जया शुक्ला ने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी छात्रावास के बच्चों के अलावा अन्य नागरिकों के लिए बहुत उपयोगी है। शासन द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाए संचालित की गई है। इन सभी योजनाओं की एकत्रित जानकारी हमें जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी में मिली। शासकीय पोष्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास राजनांदगांव के अधीक्षक गणेश रामटेके ने कहा कि शासन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। जो नागरिकों के लिए बहुत अच्छी एवं ज्ञानवर्धक है। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में यह प्रदर्शनी महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है।

राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं संपन्न, चयनित छात्र-छात्राएं भिलाई महिला महाविद्यालय में करेंगे शिरकत

डोंगरगढ़ (नव प्रदेश)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में आई.क्यू.ए.सी प्रभारी डॉ. ई.व्ही. रेवती के मागदर्शन में विज्ञान संकाय द्वारा गणित दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, पहेली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसम्बर को किया गया। कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. ई.व्ही रेवती ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय गणित दिवस 2021 के उपलक्ष्य में सीजिकॉस्ट रायपुर के सहयोग से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया है । इन प्रतियोगिताओं में से 2 विद्यार्थियों को चयन किया जाएगा और उसके बाद यह प्रतियोगिताएं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत जितने भी महाविद्यालय आते हैं उन सभी महाविद्यालयो के चयनित छात्र-छात्राएं 21 दिसम्बर को भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 आयोजित प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। जहा चयनित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

FORM NO. IV
(See sub-rule 2(a) of Rule 5)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
(H.NO. 797-II, 'Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur(MP)
(Areas for Jurisdiction - Madhya Pradesh)
(Summons under Sub- Section (4) of Section 19 of the Act, read with Sub-Rules 2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

Original Application No. 886 of 2020
Applicant :- Central Bank of India
VERSUS
Defendants:- M/s Shri Ram Enterprises & others
To,
(1) **M/s. Shri Ram Enterprises Through its Proprietor- Shri Mukund Mishra**, House No. 515, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
(2) **Shri Mukund Mishra S/o. Shri Laxman Mishra**, House No. 515, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
(3) **Smt. Laxmi Pandey w/o. Late D.N. Pandey, C/o. Shri Ashish Diwan S/o. Mr. Rajendradhar**, House No. 25/67, Brahmanpara Basti, Raipur (C.G.)
(4) **Mr. Ashish Diwan S/o. Mr. Rajendradhar Diwan**, House No. 25/67, Brahmanpara Basti, Eaipur (C.G.)
(5) **Smt. Sujata Mishra W/o. Mr. Mukund Mishra**, House No. 515, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)

WHEREAS, OA No. **886/2020** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **04.01.2021.**

Whereas, the Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of **Rs. 3,28,29,262.00/-**. In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:-

1. To show case within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the Original Application.
3. You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/ or other assets and properties specified or disclosed under Serial number 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets of other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the applicant and to appear on **29.12.2021** at **10.30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Give under my hand and the seal of the Tribunal, this **9th December, 2021.**

Authorized Officer

विपणन विभाग की मनमानी के कारण धान खरीदी बंद - विजय

नव प्रदेश संवाददाता

कबीरधाम। जिला के विपणन विभाग द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों में 'व्यवहारिक अनलोडिंग क्षमता के अनुरूप परिवहन आदेश प्रदाय करावें, जिससे धान खरीदी बंद हो चुके या बंद होने की स्थिति मे पहुंच चुके केन्द्रो मे खरीदी नियमिति क्षमता के अनुरूप निर्वाध रूप से किया जा सके एवं अव्यवहारिक परिवहन आदेश की नियत समय मे उचित वैधानिक जांच की मांग किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम, केबिनेट मंत्री मो. अकबर, प्रदेश महामंत्री चन्द्रशेखर शुक्ला, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू से करते हुए जारी विज्ञप्ति में वैष्णव ने कहा कि पंजीकृत कृषकों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी 1 दिसंबर से प्रारंभ है, जिला में 102 उपार्जन केन्द्र है, जिसमे से अधिकतर केन्द्रों में निर्धारित बफ र लिमिट से दो से तीन गुना अधिक धान का खरीदी किया जा चुका है, परिवहन के आभाव मे धान खरीदी फ ड़ पूर्ण रूप से भर चुका है अतः फड़ मे धान जमा होने के चलते धान खरीदी बंद हो चुका है या बंद होने के स्थिति में है।

कबीरधाम जिला कवर्धा विकास खंड के डबराभाठ धान संग्रहण केन्द्र की भंडारण क्षमता ढ़ाई लाख क्विंटल, प्रतिदिन अनलोडिंग क्षमता 20 से 25 ट्रक है। इसी प्रकार विकासखंड स. लोहारा के चारभाठा धान संग्रहण केन्द्र की भंडारण क्षमता 6 लाख क्विंटल है एवं प्रतिदिन अनलोडिंग क्षमता 60 से 70 ट्रक की है एवं जिला के 300 से 400 ट्रक धान परिवहन के कार्य में प्रतिवर्ष संलग्न रहते है।

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव कर रहे नशे का गोरखधंधा : हिन्दू युवा मंच

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने युवा पीढ़ी को नशीली दवाईयों की सप्लाई करने के कारोबार में लिप्त मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा और एसपी डी. श्रवण और को ज्ञापन के माध्यम से शिकायत की है कि, कुछ मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव नशे की दवाईयां शहर के युवाओं को सप्लाई कर उन्हें नशे का आदि बना रहे हैं, और उनसे मोटी रकम ऐंठ रहे हैं।

AXIS BANK | **एक्सिस बैंक लिमिटेड - असेस्ट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पण्डरी, रायपुर-492004** | **डिमांड नोटिस**

नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाऊस, बाम्बे डाईंग कम्पाउण्ड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई-400025

एतद् द्वारा एक नोटिस दिया गया है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है और कहा है कि सुविधाएं गैर-निष्पादित संपत्ति बन गई है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्ननिर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किया गया था। हालांकि उनके ज्ञात पतों का उपयोग नहीं किया गया है इसलिए इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

शाखा : एक्सिस बैंक लिमिटेड, असेस्ट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पण्डरी, रायपुर-492004

क्र.	उधारकर्ता एवं सह उधारकर्ता का नाम व पता	जिस संपत्ति पर ऋण लिया गया उसका पता	नोटिस जारी होने की तिथि	बकाया शेष (दावा) रु. में	ऋण वितरित रु. में
1	**उधारकर्ता** 1 **श्री बिश्वजीत साहा** पिता अमलचंद्र साहा म.नं. 402 चौथा माला, सेंट जेवियर स्कूल रोड श्रीराम हाईट्स, अवंति विहार रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 **सह-उधारकर्ता** 2 **श्रीमती मधुमिता साहा** पति बिश्वजीत साहा म.नं. 402 चौथा माला, सेंट जेवियर स्कूल रोड श्रीराम हाईट्स, अवंति विहार रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001	मून. म.नं. 07, 1250 वर्गफुट जमीन और 625 में निर्माण ख.नं. 436/3, प.ह.नं. 113, रा.नि.मं. रायपुर-2, वार्ड-28 महर्षि वाल्मीकि वार्ड, बसंत कार्नर, फेस-बी, अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर (छत्तीसगढ़) **सीमाएं :-** उत्तर म.नं.-6, दक्षिण- म.नं. 8 पूर्व- रोड, पश्चिम- म.नं. 25	10.12.2021	रु. 23,39,116.00	रु. 29,54,214.00
2	**आवेदक** 1 **श्री गोविंद कुमार साव** पिता सीताराम साव मदर टेरेसा नगर कैम्प-1, वार्ड-20, मयूर पार्क के पास भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पिन-490001 **सह-आवेदक** 2 **श्रीमती रेखा देवी** पति गोविन्द कुमार साव मदर टेरेसा नगर कैम्प-1, वार्ड-20, मयूर पार्क के पास भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पिन-490001	प्लाट नं. 37, ब्लाक नं. 46, ख.नं. 461, भिलाई, वार्ड नं. -21, सुन्दर नगर, कैम्प-1, मदरटेरेसा नगर, तहसील व जिला- रायपुर छत्तीसगढ़ **सीमाएं :-** उत्तर- रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 46/4 पूर्व- प्लाट नं 46/38, पश्चिम- प्लाट नं. 46/36	15.12.2021	रु. 11,98,649.00	रु. 11,48,260.00
3	**आवेदक/उधारकर्ता** 1 **श्री राम कुमार वर्मा** पिता देरहा राम वर्मा म.नं. सी-12, शिवाजी पार्क, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, मोवा सड्डू, रायपुर, जिला-रायपुर पिन-492001 **श्री राम कुमार वर्मा** पिता देरहा राम वर्मा ग्राम- गुदेनी, पोस्ट-खौली, थाना-खरोरा जिला-रायपुर पिन-492001	सभी दुकान/कार्यालय नं. 17, एरिया 442 वर्गफुट दुकान/कार्यालय नं. 30, एरिया 409 वर्गफुट और दुकान/कार्यालय नं. 31, एरिया 458 वर्गफुट कुल दुकान/कार्यालय नं. 03, कुल एरिया 1309 वर्गफुट मल्टी स्टोरी काम्पलेक्स के तृतीय तल जो 'रियो' के नाम से जाना जाता है, ख.नं. 325/1 एवं 326/2 का भाग, कुल क्षेत्रफल 34552 वर्गफुट, मौजा-ग्राम- देवपुरी, पी.सी. 114/52, आर.आई. सी.-रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** उत्तर- गलियारा, दक्षिण- गलियारा एवं आफिस नं. 16, पूर्व- आफिस नं. 18-19-32, पश्चिम- आफिस नं. 16 एवं खुली भूमि	10.12.2021	रु. 32,63,100.00	रु. 44,00,000.00
4	**आवेदक** 1 **श्री सुशील बाबर** पिता राना राव बाबर एलआईजी-एलआई/411,412 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, सामुदायिक भवन के बाजू डंगनिया, रायपुर- 494001 **सह-आवेदक** 2 **श्रीमती शीखा बाबर** पति श्री सुशील बाबर एलआईजी-एलआई/411,412 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, सामुदायिक भवन के बाजू डंगनिया, रायपुर- 494001	परिवर्तित ख.नं. 185/31 का भाग, प.ह.नं. 105/47, एरिया 1000 वर्गफीट एवं 800 वर्गफीट भवन का निर्माण एवं बाकी खुली हिस्सा, मौजा- चंगोराभाठा (न्यू) डा. खूबचंद बघेल वार्ड नं.-67, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** पूर्व- उसीका मर्चेंट की भूमि, पश्चिम- उत्तामी देवी की भूमि, उत्तर- मार्ग, दक्षिण- अन्य की भूमि	07.10.2021	रु. 13,74,966.00	रु. 18,05,081.00
5	**आवेदक** 1 **श्री शीलवंत कुमार राय** म.नं. एमडीडी-111 फेस-1 गोल चौक के पास कबीर नगर, रायपुर पिन-942001 **सह-आवेदक** 2 **श्रीमती संध्या राय** पति श्री शीलवंत कुमार राय म.नं. एमडीडी-111 फेस-1 गोल चौक के पास कबीर नगर, रायपुर पिन-942001	प्लाट नं. 144 के सभी भाग व खण्ड, ग्राम- टेकारी, तहसील- अभनपुर, कल्पवृक्ष विलास, प.ह.नं. 04, ख.नं. 612/6, 612/7, 2400 वर्गफीट **सीमाएं :-** उत्तर- प्लाट नं. 143, दक्षिण- प्लाट नं. 145 पूर्व- प्लाट नं. 129, पश्चिम- मार्ग	24.09.2021	रु. 10,80,818.00	रु. 10,00,000.00

नोटिस की प्रतिस्थापित तामिल के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/सह आवेदक (जहां लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और लागू शुल्क से साथ बकाया राशि का भुगतान करें, जो वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण व सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन के अनुसार इस नोटिस की तिथि के 60 दिनों की समाप्ति के बाद लिया जाएगा। कृपया ध्यान दें उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत उप-धारा (2) संदर्भित नोटिस की प्राप्ति के बाद कोई भी उधारकर्ता सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या नोटिस में संदर्भित उसकी किसी भी सुरक्षित संपत्ति के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

दिनांक : 21/12/2021
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमि.

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बर्फीली हवाओं से...

तापमान से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं रायपुर के ही लाभांडी में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले लाभांडी का तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। एक दिन के भीतर यह रायपुर के तापमान का सबसे बड़ा अंतर था। नवा रायपुर में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। जशपुर, कोरिया, पेण्ड्रा रोड और कवर्धा की चिल्फी घाटी क्षेत्र में रात का तापमान बेहद कम है। वहां खेतों और पेड़-पौधों की पत्तियों पर पड़ी ओस की बूंदे जम गई हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है, प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र के कुछ भाग शीतलहर की चपेट में आ चुके हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बिलासपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री नीचे चला गया है। दुर्ग में यह सामान्य से 7.9 डिग्री और राजनांदगांव में 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कोरिया में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया है, जो इस सीजन का सबसे कम है। डूमर बहार में 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

500 करोड़ की फिल्म...

किया था कि वह एक्ट्रेस के लिए 500 करोड़ की एक थ्री पार्ट वीमेन सुपरहीरो प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करेंगे। यह उनका एक लुभाने का तरीका था। इस भारी-भरकम बजट की फिल्म के प्रोडक्शन से पहले सुकेश ने जैकलीन को आकर्षिक करने के लिए और भी कई हथकंडे अपनाए थे। सुकेश ने जैकलीन को महंगे से महंगे गिफ्ट्स दिए जिनमें लग्जरी आइटम्स, कार्स, एक घोड़ा समेत अन्य तोहफे शामिल हैं।

पनामा पेपर्सः ईडी...

नवंबर में 9 तारीख को 'प्रतीक्षा' यानी बच्चन परिवार के आवास पर भेजा गया था। 15 दिन में इसका जवाब मांगा गया था। ऐश्वर्या ने ईमेल के जरिए ईडी को जवाब दिया। मामले की जांच कर रही स्क्वॉड में ईडी, इनकम टैक्स और दूसरी एजेंसी शामिल हैं।

लोकसभा में...

सरकार ने संसद में पेश किया बिल

सरकार ने लोकसभा में जैसे ही इस बिल को पेश किया वैसे ही हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी दलों ने इसका जमकर विरोध किया और इसे निजता के हनन से जोड़ा। इस विरोध और शोर-शराबे के बीच लखीमपुर कांड पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी की मांग भी विपक्षी सांसद उठाते नजर आए। सदन में पीएम मोदी के बयान की मांग कर रहे कुछ विपक्षी सांसद बकायदा पीएम का अटेंडेंस कार्ड लेकर सदन में पहुंचे हुए थे।

टीएमसी ने किया विरोध

तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी जैसे ही बोलने के खड़े हुए, सत्ता पक्ष के सांसदों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। बनर्जी ने कहा कि यह ऐसा बिल है जिससे पूरा लोकतंत्र खत्म हो गया है। इस बिल पर चर्चा की जरूरत है। इस बीच में सत्ता पक्ष के एक सांसद ने सीट से खड़े होकर यह सपोर्टर है बांग्लादेशी... कहकर शोर-शराब शुरू कर दिया।

इंट्रानैसल वैक्सीन...

कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के लिए कोविड रोधी टीके की अतिरिक्त खुराक यानी बूस्टर डोज देने की अपील की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

लोक संस्कृति को स्थापित करने का किया जा रहा कार्य : आशीष

बेमेतरा (नव प्रदेश)। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत बारगांव में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय युवा महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। अतिथिगणों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा बारगांव में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य आयोजन रखा गया हैं। विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्रामो एवं स्कूलों से लगभग 300 प्रतिभागियों ने 20 विधाओं सहित 02 खेलो में अपने खेल का प्रदर्शन किया सभी प्रतिभागियो को बधाई, शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए युवा महोत्सव का आयोजन ब्लाक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित हो रहा हैं। इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को विभिन्ना विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोकगीत को पुनः स्थापित करने का कार्य किया जा रहा हैं। युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, बस्तरिया नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, तात्कालिक भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, एकांकी नाटक, बांसुरी वादन, पारंपरिक वेशभूषा, तबला वादन, हारमोनियम वादन, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विजेता प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया, सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला, विजय पारख, सच्चीदानद मिश्रा, तखतराम साहू, इंद्रचंद जैन, हरीनारायण साहू, शुभम वर्मा, बल्लू साहू, विश्वनाथ निषाद, मनहरण यादव, धनेश वर्मा, रवि यादव, झम्मन यादव, डीआर खरे बीईओ बेरला, मोहन कोसरे पीटीआई, भूपेन्द्र वैष्णव पीटीआई, सोमप्रभ श्रीवास पीटीआई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

मानव जाति के उत्थान में संत गुरु घासीदास का जीवन अनुकरणीय : योगेश तिवारी

बेमेतरा (नव प्रदेश)। किसान नेता योगेश तिवारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हसदा, डंगनिया, पिरदा और कोटा में बाबा गुरू घासीदास जंयती समारोह में शामिल हुए। जहां उन्होंने गुरु की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का मनखे-मनखे एक समान का संदेश हम सबका आदर्श हैं। गुरू घासीदास ने एक ऐसे समाज की कल्पना की जहां सभी लोग बराबरी का दर्जा मिले, ऊंच नीच का भाव ना हो। गुरु ने हमेशा सत्य आचरण की बात कही। मानव जाति के उत्थान में संत बाबा गुरु घासीदास का जीवन अनुकरणीय है। हम सभी को उनके बताए मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जीवन में उतारने की जरूरत है, सत्य के रास्ते में चलकर मानवता के हित में काम करना चाहिए। इस दौरान चुरावन सिंह, पवन डहरिया, मनोज बंजारे, रामेश्वर गायकवाड, यशवंत टंडन, मुकेश बंजारे, राजेंद्र बंजारे, सत्यजीत बंजारे, छत्रपाल बंजारे, मयंक डहरिया, उमेश्वर बांधे, ओम कुमार बांधे, विजय बंजारे, रोहित बंजारे, प्रेमलाल कुर्रे, भंवरलाल कुर्रे, दिलीप वर्मा, सुरेंद्र कुर्रे, सुनील परघनिया, उमेश बंजारे, धनंजय कुर्रे, भगवती बघेल हिरेन्दर बजारे, लखण चक्रघारी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर सहित अधिकारियों ने ऊर्जा संरक्षण का लिया संकल्प

कवर्धा (नव प्रदेश)। कलेक्टर रमेश शर्मा ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सभी अधिकारियों ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। कलेक्टर ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण से ही देश मजबूत होगा। उन्होंने घर व दफ्तर में बिजली की बचत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा की जब घर तथा दफ्तर से निकलने लगे तो पंखा, एसी तथा बिजली का अन्य उपकरण का स्विच आफ कर दें। इससे बिजली की जहां बचत होगी वहीं उपकरण भी सुरक्षित रहेगा।

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए 24 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

कवर्धा (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव कवर्धा जिला कबीरधाम में कक्षा छठवी एवं नवमी में रिक्त सीट पर शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2022 12 फरवरी 2022 शनिवार को सबेरे 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। आवेदन 24 जनवरी 2022 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव कवर्धा में जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए गत परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी। जिला शिक्षा अधिकरी ने बताया कि कक्षा छठवीं में रिक्त सीट अनु. जन जाति, अनुजाति और अन्य वर्ग क्रमशः 28, 05, 02 कुल 35 और कक्षा नवमी में रिक्त सीट अनु. जन जाति 01 कुल एक रिक्त है।

सरपंच पति की मनमानी से त्रस्त पंचों ने जिला पंचायत सदस्य से की शिकायत

लाखों के नाली निर्माण में धांधली, लूट के खेल में शामिल अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे- निर्वाणी

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। जिला मुख्यालय बेमेतरा से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बावा मोहतरा में निर्माण कार्यों में व्यापक धांधली और भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत पंचों ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी से की। सड़क किनारे पेड़ के नीचे ग्रामीणों और पंचों ने सभा कर शिकायतों और पंचायत में अनियमितताओं का पुलिंदा खोल दिया, ग्रामीणों और पंचों की शिकायत सुनकर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन पर ही निर्देश देकर पंचों की शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही करने के लिए कहा, उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों और पंचों को आस्वस्त किया कि लूट के इस खेल में शामिल कोई भी बड़े या छोटे अधिकारी बक्शे नहीं जाएंगे, उपस्थित पंचों ने कहा कि सरपंच ने लाखों करोड़ों की संपत्ति अपने कार्यकाल में बनाया है, 10 साल पहले दुपहिया से हाइवा, डंपर, जेसीबी सब ले लिया, अवैध मुरुम खनन जोरो पर हैं। हर छोटे बड़े निर्माण ठेका खुद सरपंच पति द्वारा लिया जाता हैं। मनमानी पूर्ण कार्य करना इस मोहतरा पंचायत की नियति बन गया हैं। पंचायत की बैठक वर्तमान में सरपंच पति ही संचालन करते हैं, ग्राम पंचायत सचिव बलदाऊ साहू से इस बात की शिकायत करने पर जवाब आता है कि जनपद और जिला पंचायत में भी पति ही काम देखते हैं तो यहां कोई बड़ी बात नही हैं, तुम अपना काम करो। पंच मनीषा सोनवानी, केरा बाई बंजारे और पंच रामु लहरे ने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्डों का हाल बेहाल है, नाली में कहीं पानी ठहर गया है तो कही इतना ऊंचा लेवल है कि सूखा ही दिखता हैं। सबंधित अधिकारी देखने आते ही नहीं, आते हैं तो काजू किसमिस खा के चले जाते हैं। पंचगण भी चुने हुए जनता के प्रतिनिधि हैं पर न तो हमारी शिकायतों और न ही हमारे सुझाव को तव्वजों दी जाती हैं। वार्ड 12,13 और 14 में पीने के पानी की समस्या भी सालों से बनी हुई हैं। पंच रामचंद्र साहू, अशोक सिन्हा, गौरी सिन्हा ने कहा कि गौठान का निर्माण 2 साल से रुका हुआ है, महामाई के छत को तोड़ निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, सतनाम भवन की बाउंड्री भी आधे में छोड़ दी गयी है जबकि 90 प्रतिशत पैसों का आहरण हो चुका हैं। उपस्थित रामदास बंजारे, अनिल लहरे, पुरुषोत्तम सिन्हा, प्यारे लहरे, भीखम सिन्हा, पंचू बंजारे, पंच गौरी सिन्हा ने भी जिपं सदस्य को वार्ड के नाली और ठहरे हुए गंदे पानी के कारण हो रही दिक्कतों को बताया।

भगवान दतात्रेय ब्रम्हा विष्णु महेश के त्रिमुख अवतार - प्रज्ञा

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। शिव भक्तों द्वारा मनाए जाने वाले दतात्रेय जयंती पर मरका बगीचा में भव्य मेला का श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन और जगराता के साथ समापन हुआ। भगवान दत्तात्रेय जयंती पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी और बालकुमारी ध्रुव ने पहुचकर गौरा गौरी विसर्जन कर रही ग्रामीण महिलाओं के साथ सुआ नृत्य कर गौरा गौरी परिक्रमा किया।

वहीं क्षेत्र के खुशहाली के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्रामीण परंपरा के अनुसार कुश से बने हुए सोटे हाथों में खाये, उपस्थित श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान दत्तात्रेय ब्रम्हा, विष्णु और शिव के त्रिमुख अवतार हैं, सनातन हिन्दू मान्यताओं में भगवान दत्तात्रेय की महिमा का सम्पूर्ण विवरण मिलता है, उनके महात्मय से वेद भरे हुए हैं। मरका बगीचा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य स्वरूप में किया गया। इसके लिए निरंजन पूरी गोश्वामी, संतोष गोश्वामी, भागवताचार्य दिनेश वैष्णव, नरसिंग पूरी गोश्वामी, ललित पूरी सहित समस्त श्रद्धालु जनों की आस्था अनुकरणीय हैं। इस दौरान उपस्थित जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी ध्रुव ने मरका बगीचा को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित करवाने संकल्प लिया। उपस्थित अन्त व्यवसायी निगम के डायरेक्टर विजय बघेल ने कहा कि पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव को पत्र लिखकर पूण्य स्थल मरका बगीचा को अप्रैल माह से पहले ही पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को भी निवेदन करेंगे। उपस्थित ग्रामीणों ने शाल श्रीफल देकर अतिथियों का अभिनंदन किया।

कलेक्टर ने समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारियों की ली समीक्षा बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में बीते दिनों खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान खरीदी व्यवस्था एवं धान उठाव के संबंध में समिति प्रबंधक/धान खरीदी प्रभारियों समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें खाद्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिलें में अब तक 2 लाख 25 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, उठाव हेतु मिलरों द्वारा 37 हजार मीट्रिक टन का डीओ जारी कराया गया है, संग्रहरण केन्द्र हेतु 28 हजार मीट्रिक टन का परिवहन आदेश जारी किया गया है, जिसमें मिलरों द्वारा 19 हजार मीट्रिक टन एवं परिवहनकर्ताओं के द्वारा 13 हजार मीट्रिक टन का उठाव किया गया है। बैठक में कलेक्टर द्वारा समिति प्रबंधकों, खरीदी प्रभारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी में धान की गुणवत्ता एवं बारदाने की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। अमानक की स्थिति मिलरों/संग्रहण केन्द्रों के किसी स्तर पर न हो। उर्पाजन केन्द्रों में किसानों द्वारा लाये गये धान को ढेर कराने उपरांत ही बारदाना में भरवाकर तौल कराया जावे। कई समितियों में किसानों के बारदाने सीधे स्टेक किये जा रहे हैं, भविष्य में कोई भी समिति बिना ढेर एवं तौल किये स्टेकिंग की कार्यवाही आगे न करें। टोकन में छोटे किसानों 80 प्रतिशत एवं बड़े किसानों 20 प्रतिशत के अनुपात का पालन करते हुए खरीदी व्यवस्था रखे।

लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन 22 दिसंबर को

कवर्धा (नव प्रदेश)। जिला परिवहन कार्यालय में लर्निंग लायसेंस के लिए शिविर का आयोजन 22 दिसंबर बुधवार को सबेरे 10:30 बजे से शाम 5:30 तक किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि लर्निंग लायसेंस बनवाने के लिए इच्छुक आवेदक समय पर उपस्थित होकर अपना लर्निंग लायसेंस बनवा सकते है। लर्निंग लायसेंस का आवेदन लोक सेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर के माध्यम से भरा जाएगा। लर्निंग लायसेंस के लिए दस्तावेज पता प्रमाण पत्र के लिए आधार कार्ड एवं जन्मतिथि के लिये जन्म प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, मार्कशीट एवं निर्धारित शुल्क, मोटर सायकल के लिये 205.60 रूपए एवं मोटर सायकल व कार के लिये 355.60 रूपए देय होगा। लोकसेवा केंद्र व च्वाईस सेंटर का शुल्क अतिरिक्त देय होगा।

दिव्यांग बच्चों का उपकरण आंकलन शिविर का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। विकासखंण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक कार्यालय मे दिव्यांग बच्चों का उपकरण आंकलन शिविर का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस 2021-22 मे कक्षा 1ली से 12वीं के अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, मानसिक, सेरेबल पाल्सी एवं बहुविकलांग आदि विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) बच्चों का स्वास्थ्य विभाग व समाज कल्याण विभाग के सहयोग से चिन्हांकित बच्चों का उपकरण आंकलन शिविर आयोजित कर आवश्यक जांच चिकित्सकों/विशेषज्ञों के द्वारा किया गया उपरोक्त शिविर मे भाटापारा व सिमगा विकासखंण्ड के 60 दिव्यांगत बच्चों एवं उनके सहयोगी के रूप मे पालक उपस्थित हुये चिन्हांकित बच्चों को आवश्यकतानुसार सहायक सामग्री/उपकरण उच्च कार्यालय के द्वारा आगामी समय मे उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर स्थल मे डॉ.पूजा भृगु के द्वारा दिव्यांग बच्चों को गर्म कपडे (स्वेटर) व मोजा का प्रदान किया गया एवं सभी बच्चों को शिक्षा की मूलधारा मे जुडकर पढ़ने लिखने के लिये प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम मे जिला स्तर से नेत्र रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ, श्रवण बाधित विशेषज्ञ, बहुविकलांग विशेषज्ञ के डाक्टर उपस्थित होकर बच्चों का जांच किया गया एवं विकासखंण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेन्द्र माहेश्वरी शिविर स्थल मे उपस्थित होकर बच्चों के परीक्षण मे आश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते रहे। उक्त अवसर पर जिला मिशन समन्वयक आर सोमेश्वर राव, एपीसी जहीर अब्बास, एबीईओ मुन्ना सिंह नेताम, पालक उपस्थित होकर शिविर मे दिव्यांग बच्चों का सहयोग किये ।

पद्मश्री डॉ. आरएस बारले का सम्मान करेंगे सतनामी समाज के लोग

नव प्रदेश संवाददाता

बालोद। संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास जी के 265 वीं जयंती के अवसर पर ग्राम सांकरा ज में गुरु घासीदास जयंती व सम्मान समारोह कार्यक्रम 23 दिसम्बर गुरुवार को रखी गई है। कार्यक्रम में सतनामी समाज के गौरव व कला साधक अन्तर्राष्ट्रीय पंथी नर्तक डाक्टर आर एस बारले का सम्मान सत्तर दशक बाद सतनामी समाज के व्यक्ति को पद्मश्री सम्मान भारत सरकार के द्वारा प्रदान किये जाने पर डाक्टर बारले का भव्य स्वागत सम्मान सतनामी समाज व संपूर्ण ग्राम वासियों के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के दो होनहार छात्र छात्राओं यशवंत टंडन व पल्लवी बारले जिन्होंने उत्तराखंड के सबसे ऊंची चोटी पहाड़ पर पर्वतारोही बनकर फ तह हासिल करने पर उनका भी सम्मान किया जाएगा। गुरु घासीदास जयंती व सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनेश्वर बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़ होंगे। अध्यक्षता हेमंत सांग संरक्षक प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुंवरसिंह निषाद संसदीय सचिव व विधायक गुण्डरदेही, संगीता सिन्हा विधायक संजारी बालोद, सोना देवी देशलहरा अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, बीएल कुर्रे अध्यक्ष प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़, विकास चोपड़ा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद रहेंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि विजय बघेल संयोजक प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ , पवन जोशी प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, संजय बारले जिलाध्यक्ष सतनामी समाज बालोद, अशवन बारले संरक्षक सतनामी समाज बालोद, दीपक बघेल संयोजक युवा प्रकोष्ठ बालोद रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश के अग्रणी व ख्याति प्राप्त पांच पंथी पार्टी का प्रदर्शन जयंती व सम्मान समारोह में करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सतनामी समाज सांकरा ज व समस्त ग्रामवासियों के द्वारा किया जाएगा।

डॉ केके नायक कुर्मी समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए, केंद्रीय अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में डॉ के के नायक की नियुक्ति की गई है। केन्दीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने डॉ नायक को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।डॉ नायक की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बधाई दी। समाज की केंद्रीय कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह में डॉक्टर कृष्ण नायक को ग्राम देवरी धरसींवा में केंद्रीय छ. ग. मनवा कुर्मी समाज का वरिष्ट उपाध्यक्ष बनाया गया। उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा द्वारा कराया गया ।विदित हो डॉक्टर कृष्ण कुमार नायक पूर्व में अर्जुनी राज का राजप्रधान और केंद्रीय कार्यकरणी का भी सदस्य भी रह चुके हैं। वर्तमान में अर्जुनी छ. ग मनवा कुर्मी समाज का संरक्षक के पद पर हैं तथा सामाजिक के साथ राजनीति में भी भागीदारी हैं अभी वर्तमान में लगातार तीसरी बार ब्लॉक काँगेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष पद पर आसीन हैं डॉक्टर नायक बहुत ही मिलन सार, सीधा साधा नम्र व्यहार कुशल हैं। इनके वरिष्ट उपाध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, अमरजीत सिंह भगत सहित अर्जुनी राज प्रधान, भुनेशवर वर्मा, किशोर वर्मा, कोषाध्यक्ष, किशोर वर्मा कार्यालय सचिव, किरणमयी नायक, शैलेष नितिन त्रिवेदी, गिरीश देवांगन, हितेंद्र ठाकुर, दिनेश यदु, शैली भाटिया आदि प्रमुखों ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

चैन माउंटेन पलटने से मौत, 30 लाख मुआवजा देने की मांग

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। विगत दो दिन पहले अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम भुरभुसी में संचालित अवैध क्रेशर में चैन माउंटेन पलटने से 22 वर्षीय आदिवासी युवा लिखराज धुर्वे की मौत हो गई।

अवैध क्रेशर संचालक, चित्रकोट कंट्रक्शन के मालिक, चैन माउंटेन के मालिक आदिवासी परिवार को 30 लाख मुआवजा देवे और चित्रकोट कंट्रक्शन व चैन माउंटेन के मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जेल भेजने की मांग करते हुए जनता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल ने कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द कार्यवाही न होने पर सड़क पर आंदोलन करने की बात कही।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.-355 दिनांक 4.12.21 ...
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 341/2021-22 ...
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीरनगर फेस-III रायपुर में निर्मित के.बी.टी. ...
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य ...
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य ...
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र.-356 दिनांक 4.12.21 ...
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-227 श्री एस.के. विश्वकर्मा पिता स्व. ...
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-567 श्री घनश्याम भोगल पिता स्व. श्री बी. प्रकाश भोगल के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र. 356 दिनांक 20.09.2021 के ...
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल, मीडिया एवं जनसंपर्क विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार

■ पीआरएसआई, रायपुर चैप्टर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफ इंडिया (क्क्रस्ढ्ढ) रायपुर चैप्टर द्वारा सोमवार को ÷छत्तीसगढ़ का विकास माडल, मीडिया एवं जनसंपर्क विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफइंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. अजीत पाठक शामिल हुए। वहीं वेबीनार की अध्यक्षता शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के कुलपति प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार सिंह ने की।

पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश की आर्थिक समृद्धि मे कदम से कदम मिलाकर चल रहा है, राज्य सरकार के प्रयास से हर व्यक्ति तक विकास का फ्ल पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास में सामाजिक संगठन ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। इसके साथ बहुत आवश्यक हो जाता है की जनसम्पर्क और मीडियाकर्मी अपने विश्वास को जानता के बीच बनाये रखे। जनसम्पर्क ने जानता और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम किया है आज और कोरोना काल में सबसे ज्यादा जरूरत थी। सम्पूर्ण देश में जहां कोरोना का बुरा असर देखा वही छत्तीसगढ़ में कोरोना काल में भी आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से मजबूत पाया।

वेबीनार की अध्यक्षता करते हुए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के कुलपति प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारा देश लगभग एक सौ उनतालीस करोड़ की आबादी वाला देश है जिसमें युवाओं की आबादी उनहत्तर प्रतिशत है हम अपनी योजना में इन युवाओं को केंद्र में रखकर योजना का निर्माण करना चाहिए। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की नरवा, गरुवा, घुरुवा,

बाड़ी योजना के विकास मॉडल की भी प्रशंसा की जिससे विकास हर व्यक्ति तक पहुंच पा रहा है।

इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री, रायपुर के कार्यकारी अध्यक्ष ने व्यवसाय की बात करते हुए कहा कि यहां के व्यावसायिक स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अच्छी है। यहां के किसानों को कर्ज मुक्त करना, वनोपज की खरीदी, धान की खरीदी जैसी योजनाओं ने यहां के युवा को रोजगार दिलाने में बहुत मदद किया है। कोरोना काल जैसे विकराल संकट में भी यहां की व्यावसायिक स्थिति में कोई खास प्रभाव नहीं देखा गया।

विशिष्ट वक्ता अमृत संदेश, रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाचार संपादक बाबूलाल शर्मा ने मीडियाकर्मी की भूमिका के लिए कहा जिस तरह से ग्रामों में विकास का दौर चला रहा है उसी तरह जनसम्पर्क और मीडिया कर्मियों ने फ्रंट वॉरियर के रूप मे कोरोना काल में जानता का साथ दिया। विकास के एक खबर के साथ ऐसे युवा जो गांव छोड़कर शहरों में बस गये थे। वह किस प्रकार अपने गांव को लौट रहे है और अपने ही अंचल में रहकर रोजगार कर रहे है। चाहे आर्थिक भूमिका की बात कहे या सांस्कृतिक की समृद्धता की बात या महिला शिक्षा से लेकर शिशु पोषण आहार का। युवा रोजगार से लेकर कर्जमुक्त किसान तक आज छत्तीसगढ़ एक समृद्ध राज्य के रूप मे देखा जा सकता है।

विशिष्ट वक्ता सोशियल एड बिहेवियर चेंज यूनिसेफ रायपुर के स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने कहा कि यूनिसेफ ने प्रशासन की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक पोषण आहार को पहुंचाने का काम किया है। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण छत्तीसगढ़ में अनेक आनुवंशिक बीमारियों को भी देखा गया है जिनका इलाज भी ग्रामीण अंचल में मिलने वाले जड़ी बूटियों से किया जाने लगा है। जिसे एक योजना के तहत अपनाया गया है साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पहुंच हर घर में बनाये जाने की बात कही।

विशिष्ट वक्ता फाउंडेशन फाउंडेशन फॉर इकोलॉजी सिक्योरिटी, रायपुर की सीनियर प्रोग्राम मैनेजर डॉ. मनजीत कौर बल ने प्रशासन की योजनाओं के लाभ के बारे मे बताया की किस तरह से सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के हर एक व्यक्ति को मिल रहा है। मंजीत कौर ने कहा ग्रामीण जमीनी स्तर से ग्राम सभा को अपने अधिकार दिलाये जा रहे है।

सरकार की नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी योजना की सराहना करते हुए कहा कि जहां गांव में भी शहरों जैसी अतिक्रमण की स्थिति बनती जा रही है, उसके लिए आवश्यक है ग्रामीणों को सामने रख कर जंगलो, सामुदायिक जमीनों को संरक्षित किया जा सके। छत्तीसगढ़ को देश के सामने एक मॉडल के रूप मे प्रस्तुत करने में इस योजना ने शक्तिशाली भूमिका निभाई। गोठान योजना से गांव के हर युवा को रोजगार प्राप्त हुआ साथ ही गांव में जो पशुधन है उन्हें भी आसानी से संरक्षित किया जाने लगा है।

विशिष्ट वक्ता अर्थशास्त्र विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर.के. ब्रह्मे ने कहा कि छत्तीसगढ़ वर्तमान समय में विकास के नये मॉडल के रूप में भारत देश के सामने खड़ा है। छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए वक्तव्य प्रस्तुत किया और बताया यह मॉडल एक आल्टरनेट रोल मॉडल है जो एक ग्रोथ मॉडल के रूप मे उभरा है। जिसके अंतर्गत सस्टेनेबल डेवलपमेंट को ध्यान में रखा गया है। यह मॉडल अपनी पहुंच जंगलो में रह रहे आदिवासियों से लेकर शहरों में निवास कर रहे मजदूरों तक है।

कार्यक्रम का सफ्ल संचालन पीआरएसआई, रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ. शाहिद अली ने किया । अंत में वक्ताओं तथा सहभागियों का आभार भी व्यक्त किया। वेबिनार में काफी संख्या में देश भर के प्रोफेसर, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षकगण ने हिस्सा लिया।

छग में गोबर से बिजली और फूड इररेडियेशन प्लांट की स्थापना को लेकर पहल शुरु

आश्रित ग्रामों के गौपालक ग्रामीण भी गौठानों में बेच सकेंगे गोबर : सीएम भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में शासकीय क्षेत्र में फूड इररेडियेशन पार्क (खाद्य पदार्थों का किरणन) की स्थापना के लिए सैद्धांतिक सहमति दी है। उन्होंने शासन स्तर भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर से छग में गोबर से विद्युत उत्पादन तथा फूड इररेडियेशन प्लांट की टेक्नालॉजी हस्तांतरण के लिए से जा रही पहल पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इससे राज्य के किसानों को उनके उत्पाद का और अधिक लाभ दिलाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेता पशुपालकों, गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 3 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि ऑनलाईन अंतरित करते हुए पशुपालकों, गौठान समितियों एवं समूह की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गौठानों में आश्रित ग्रामों के पशुपालक ग्रामीणों से भी गोबर की खरीदी किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गौठानों में संचालित गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए एनआईसी द्वारा विकसित गौठान मैप एप का भी शुभारंभ किया।

गौमाता की सेवा एवं संरक्षण का काम : मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में गौठानों की स्थापना और गोधन न्याय योजना के माध्यम से राज्य में गौमाता की सेवा एवं संरक्षण का काम किया जा रहा है। गौमाता की सेवा पशुपालक, ग्रामीण किसान, चरवाहा, गौठान समिति से जुड़े सभी लोग कर रहे हैं। गौठानों में पशुओं के चारे एवं पानी का प्रबंध किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचने का लाभ सभी गांव के पशुपालकों को मिले, इसके लिए गौठानों में आश्रित ग्रामों के लोगों से भी गोबर खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

किसानों से पैरादान करने की अपील : गौठानों में पशुओं के चारे के लिए पैरादान की अपील उन्होंने किसानों से की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी गौठानों में एकत्र किया गया पैरा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को सभी कलेक्टरों के माध्यम से पैरादान का अभियान वृहद पैमाने पर संचालित करने और किसानों के खेत से पैरा एकत्र कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गौठानों में हरे चारे की व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा हरे चारे की कटाई की गई है। पशुपालकों हरा चारा क्रय करने के लिए प्रेरित किए जाए। वन विभाग से समन्वय कर गौठानों में भी हरा चारा लाने की व्यवस्था और उसे स्लाईज के रूप में एकत्र किया जाना चाहिए।

प्लांट की तकनीकी हस्तांतरण प्रगति की दी जानकारी : कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत ने गोधन न्याय योजना की प्रगति के संबंध में पॉवर प्वाईंट प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर से गोबर से विद्युत उत्पादन एवं फूड इररेडियेशन प्लांट की तकनीकी हस्तांतरण की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में पहला फूड इररेडियेशन प्लांट शासन द्वारा स्थापित किया जाएगा। फूड इररेडियेशन प्लांट की टेक्नालॉजी को अमेरिका, यूरोप के कई देशों में मान्यता दी है। प्रदेशमें स्थापित होने वाले फूड इररेडियेशन प्लांट की खाद्य सामग्री सीधे विदेशों को सप्लाई की जाएगी।

शिक्षकों के आंदोलन में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत, सरकार से करेंगे बात

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले एक सप्ताह से वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलनरत सहायक शिक्षक फेडरेशन के सदस्यों का आंदोलन जारी है। सोमवार को पूरे प्रदेश भर के सहायक शिक्षक राजधानी रायपुर पहुंचे। इनके आंदोलन में सोमवार को किसान नेता राकेश टिकैत भी पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों की मांग को लेकर राज्य सरकार से बात करने की बात कही। वहीं उन्होंने शिक्षकों को शांति पूर्ण आंदोलन करने की समझाइश भी दी। बता दें कि किसान नेता टिकैत रायपुर में एक नेशनल अखबार व टेलीविजन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रविवार को रायपुर पहुंचे हैं। इधर, राज्य के बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, महासमुंद, दंतेवाड़ा, धमतरी, नांदगांव, जांजगीर, जशपुर समेत लगभग सभी जिलों के शिक्षकों द्वारा रायपुर पहुंचने के बाद दोपहर में एक विशाल रैली निकाली गई। शिक्षकों का कहना है कि इनकी ये हड़ताल जारी रहेगी जब तक सरकार इनकी बात सुन नहीं लेती। शिक्षकों की इस हड़ताल से प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्योंकि सभी शिक्षक हड़ताल में है। स्कूलों में ताला लटका हुआ है। शिक्षकों की हड़ताल के चलते कई जिलों में अभिभावकों के नाराजगी भी खबर है। बावजूद इसके सरकार द्वारा इस आंदोलन को खत्म करने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही।

गोबर विक्रेताओं के खाते में 3.93 करोड़ का हुआ भुगतान

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेता पशुपालकों को हो चुका है 116.63 करोड़ रूपए का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। छग शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर बेचने वाले पशुपालक किसानों को अब तक 116 करोड़ 63 लाख रूपए की राशि का भुगतान उन्हें गोबर बेचने के एवज में किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को गोबर विक्रेता पशुपालकों सहित गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को लाभांश के रूप में 3 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की। उन्होंने बाबा गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छग राज्य में गौमाता की सेवा में शासन-प्रशासन से लेकर ग्रामीण किसान, पशुपालक और गौठान समिति से जुड़े सभी लोग लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने एक दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 2 करोड़ 63 लाख रूपए भुगतान तथा गौठान समितियों को 79 लाख और महिला समूहों को 51 लाख रूपए की लाभांश जारी करने के साथ ही गौठान मेप एप का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से गौठान में संचालित समस्त गतिविधियों जैसे गोबर खरीदी भुगतान, गौठान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की आय मूलक गतिविधियों के तहत उत्पादित सामग्री, दर एवं विक्रय की अद्यतन जानकारी मिल सकेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में ग्रामीणों से 2 रूपए की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। राज्य में इस योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व से हुई थी। 20 जुलाई 2020 से लेकर 15 दिसम्बर

2021 तक की स्थिति में 58.32 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसके एवज में गोबर बेचने वालों को अब तक 116.63 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। गौठानों में गोबर से महिला स्व-सहायता समूह बड़े पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट प्लस एवं अन्य उत्पाद तैयार कर रही हैं। महिला समूहों द्वारा गौठानों में अब तक 9 लाख 69 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 4 लाख 21 हजार क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से शासन के विभिन्न विभागों एवं किसानों को रियायती दर पर प्रदाय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रही हैं। गौठानों में महिला समूहों द्वारा इसके अलावा सब्जी एवं मशरूम का उत्पादन, मुर्गी, बकरी, मछली पालन एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य आय मूलक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को अब तक 48 करो? 20 लाख रूपए की आय हो चुकी हैं। राज्य में गौठानों से 9321 महिला स्व सहायता समूह सीधे जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या लगभग 67,272 है। गौठानों से जुड़ने और गोधन न्याय योजना से महिला समूहों में स्वावलंबन के प्रति एक नया आत्मविश्वास जगा है। गौठानों में क्रय गोबर से विद्युत उत्पादन की शुरुआत की जा चुकी है। गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए कुमारप्पा नेशनल पेपर इंस्टिट्यूट जयपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के मध्य एमओयू हो चुका है।

राज्य में गोधन के संरक्षण और सर्वधन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौठानों में पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का निःशुल्क बेहतर प्रबंध है। राज्य में अब तक 10584 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 7836 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। जिसमें से 2029 गौठान आज की स्थिति में स्वावलंबी हो चुके हैं। गोधन न्याय योजना से लगभग 2 लाख ग्रामीण, पशुपालक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। गोबर बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने वालों में 45 प्रतिशत संख्या महिलाओं की हैं। इस योजना से 89 हजार 892 भूमिहीन परिवार भी लाभान्वित हो रहे हैं।

रायगढ़ जिले में यथावत रहने के लिए हजारों लोग सड़कों पर उतरे

रायगढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय बरमकेला में सर्वदलीय जिला निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले रायगढ़ जिले में यथावत रखने के लिए विशाल रैली निकाल दावा आपत्ति करने करीबन बीस हजार लोग पहुंचे थे. इसमें किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी व जनप्रतिनिधियों का जनसैलाब उमड़ पडा. इनकी रैली की लंबाई आठ सौ मीटर थी और पूरी भीड़ सड़क पर चल रही थी. रैली समापन कर तहसील कार्यालय के सामने सड़क किनारे सभा का आयोजन किया गया और नवीन जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ का निर्माण मेंपंद्रह हजार से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आपत्ति पत्र तहसीलदार अनुज पटेल को सौंपा गया. सभा की शुरुआत दोपहर 12.40 बजे से हुई जो दो बजे तक चलता रहा. सभा को क्षेत्र के दोनों प्रमुख पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया. वक्ताओं का कहना था कि सरिया व बरमकेला क्षेत्र को नये जिले सारंगढ़- बिलाईगढ़ में शामिल की जा रही है. पहले पहल सारंगढ का नाम ठीक था और अब उसमें बिलाईगढ़ को जोड़ देने से इस दोनों क्षेत्र के लोगों के लिए 100 किलोमीटर दूरी तय करना पड़ेगा

रैली निकाल कर सीएम के नाम हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

सीएम के आश्वासनों पर जताया भरोसा

सभा के अंतिम पड़ाव में पहुंचे रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि नये जिले सारंगढ़ - बिलाईगढ़ में शामिल न होने की आपत्ति बरमकेला ब्लॉक के दोनों नगर पंचायत, डीडीसी, समस्त जनपद सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने दर्ज करा चुके हैं और अब स्वयं भी उनका समर्थन करते है. उन्होंने आगे कहा कि सीएम भूपेश बघेल ने जो जिला निर्माण के लिए कहा है उसे पूरा करेंगे ऐसा उम्मीद है. विधायक के उद्बोधन के पूर्व भाजपाई जगन्नाथ पाणिग्राही ने सन् 1990 की बात याद दिलाते हुए कहा कि उस समय परिस्थितियों में सारंगढ़ जिला मांग जायज था लेकिन मौजूदा दौर में सारंगढ़- बिलाईगढ़ का विरोध करना पड़ रहा है. हमारे लिए रायगढ़ ही बेहतर है.

जो मंजूर नहीं है. चूंकि पुराने जिले रायगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार आदि की सुविधाएं सुलभता से उपलब्ध है। ऐसे में नवीन जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ में जोड़ने से हमें व आने वाले पीढ़ी को परेशानी है. उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पडेगा. वहीं रायगढ़ जिले की खासियत है कि रायगढ़, पुसौर तथा बरमकेला ब्लॉक की समान संस्कृति है जबकि नये जिले में ऐसी बात नहीं है. सभा समापन करके नवीन जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ का निर्माण में अलग-अलग आपत्ति पत्र थोक में तहसीलदार बरमकेला को चेंबर में जाकर दी गई. इस मौके पर विधायक प्रकाश नायक, जगन्नाथ पाणिग्राही, अजय नायक, कैलाश नायक, तारा शर्मा, किशोर पटेल, स्वप्निल स्वर्णकार, अरुण सराफ, नंदकिशोर विस्वाल, मधु साहू, केशव पातर, रामकृष्ण नायक समेत हजारों लोग उपस्थित रहे.

जाम से वाहनों की लंबी कतार : नवीन जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ के विरुद्ध दावा आपत्ति की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी. सोमवार को संभावित भीड़ को देखते हुए बरमकेला पुलिस द्वारा अटल चौक व जनपद कार्यालय के सामने से वाहनों को रोक दी जा रही थी. सभा मंच के सामने दो तीन जगह पर पुलिस जवान तैनात थे जबकि मंच के पीछे में एक भी जवान नहीं थे ऐसे में बाईक चालकों को परेशानी हुई और सड़क के दोनों छोर पर बड़े वाहनों की लंबी जाम लगी रही.

आईटीएम यूनिवर्सिटी का दावा लाखों के पैकेज का वादा

■ बेरोजगार युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

■ आईटीएम यूनिवर्सिटी का अनूठा प्रयास, आज और कल होगा जाब फेयर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आईटीएम विश्वविद्यालय ने कन्फेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और फेडरेशन ऑफइंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से 21 और 22 दिसंबर 2021 को विश्वविद्यालय के उपरवारा नया रायपुर कैंपस में राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में यह पहला मेगा जॉब फेयर होगा जो राज्य स्तर पर निःशुल्क पंजीकरण के साथ बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर विकास सिंह ने रायपुर प्रेस क्लब में सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। कुलपति ने दावा किया कि कई कंपनियां इस जॉब फेयर में योग्य उम्मीदवारों को 12 लाख रुपए तक का सालाना पैकेज ऑफर करने जा रही हैं। सभी फ्रेशर और अनुभवी उम्मीदवार चाहे वो किसी भी संकाय से पास-आउट हो इस मेगा जॉब फेयर में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। सन 2017 से आगामी वर्ष 2022 में डिप्लोमा, आईटीआई, बी.टेक, स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं से पास हुए उम्मीदवारों के लिए यह मेगा जॉब फेयर एक बड़ा ही सुनहरा मौका होगा।

इस मेगा जॉब फेयर का उद्घाटन उच्च शिक्षा मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल रूप में करेंगे। फिक्की छत्तीसगढ़ राज्य कार्यालय के अध्यक्ष व जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अध्यक्ष प्रदीप टंडन इस रोजगार मेले के विशिष्ट अतिथि होंगे। आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) विकास सिंह उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

जॉब फेयर में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, आईटी, ई-कॉमर्स, हॉस्पिटल, रिसॉर्ट, , मास- मीडिया कम्युनिकेशन, बैंकिंग सेक्टर, आईवियर ब्रांड जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों की 100 से अधिक कंपनियों भर्ती के लिए रोजगार मेले में शामिल होंगी। जॉब फेयर के प्रमुख भर्ती कंपनियों में फोर्स मोटर, दैनिक भास्कर, ब्रिसिल, नाकोड़ा स्टील, एमआरएफ, मेफेयर,पहलाजानी वुमन हॉस्पिटल, श्री सीमेंट,रामपली, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, डीसीबी बैंक, लेंसकार्ट, स्टील मिंट, फिनोलाजी जोमाटो, जस्टडायल, एचडीएफसी लाइफ, महिंद्रा फाइनेंस, आईआईएफएल, फेयरमेट, चोला, एनआईबीएफ, श्री राम फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड, एक्सपर्टन सहित कई मशहूर कंपनियां नौकरियां देंगी।

दुकान कर्मचारी से 5 लाख रुपए की लूट, आंख में मिर्च पावडर डालकर घटना को दिया अंजाम

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में दुकान के कर्मचारी से 5 लाख रुपए की लूट हो गई। आरोपियों ने कर्मचारी की आंख में मिर्च पाउडर डालकर उसे लूट लिया। कर्मचारी बैंक से पैसे निकालकर वापस लौट रहा था। उसी वक्त वारदात को अंजाम दिया गया है। अचानक रास्ते में आए बाइक सवारों ने पैसा छीना और भाग निकले हैं। मामला दीपका थाना क्षेत्र का है। बताया गया है कि कोरबा निवासी चमन कुमार पात्रे (28 साल) शहर के ही जेपी टायर दुकान में काम करता है। वह सोमवार सुबह 10.30 बजे कोरबा से बांकीमोंगरा के एक बैंक में पैसा निकालने गया था। दुकान मालिक विनोद अग्रवाल ने ही उसे बैंक से पैसा निकानले के लिए कहा था। इस पर चमन ने विनोद को पहले ही बता दिया था कि वह पैसा निकालकर दीपका जाएगा।

बैंक से पैसा निकालकर वह दीपका की तरफ ही जा रहा था, तभी दीपका से पहले चाकाबुड़ा के पास अचानक बाइक सवार 2 युवक आए और उन्होंने चमन की आंख में मिर्च पाउडर डाल दिया। जिससे वह वहीं रोड किनारे गिर गया। फिर बाइक सवार बदमाश पैसा लेकर भाग निकले।

चमन ने बताया कि घटना के बाद वहीं रोड के पास चिल्लाता रहा। मगर किसी ने गाड़ी नहीं रोकी। कुछ देर बाद एक अंकल ने बाइक रोकी तो कुछ और लोग भी वहां पहुंचे। फिर युवक को पानी दिया गया और उसने अपने आंख को धोया। बाद में इस बात की जानकारी दुकान मालिक विनोद अग्रवाल को दी गई। विनोद अग्रवाल ने ही इस पूरे मामले की शिकायत दीपका थाने में की है। दीपका थाने की पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस पीड़ित युवक से भी पूछताछ कर रही है।